संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 14 अप्रैल 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 102 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा को लेकर दिल्ली में एक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, एनएसए अजीत डोभाल मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट का ललित मोदी को निर्देश, बिना शर्त माफी मांगो



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया पोस्ट में न्यायपालिका के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए ललित मोदी को फटकार लगाई। कोर्ट ने इंडियन प्रीमियर लीग के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी को बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया है। एम. आर. शाह और जस्टिस सी. टी. रविकुमार की पीठ ने कहा कि यह देखते हुए कि ललित मोदी कानून और संस्था से ऊपर नहीं हैं, कोर्ट उनके ओर से दायर जवाबी हलफनामे से संतुष्ट नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने ललित मोदी को सोशल मीडिया और प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्रों में भी माफी मांगने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने उन्हें माफी मांगने से पहले एक हलफनामा दायर करने का भी निर्देश दिया और कहा कि भविष्य में ऐसी कोई पोस्ट न की जाए जो भारतीय न्यायपालिका की छवि को धूमिल करे।

## ओडिशा में हनुमान जयंती की बाइक रैली में हिंसा



**टीम एक्शन इंडिया/भुवनेश्वर**
**ओडिशा** के संबलपुर में हनुमान जयंती से दो दिन पहले एक बाइक रैली में हिंसा भड़क गई। उपद्रव में एक गुमटी और कई दोपहिया वाहनों में आग लगा दी गई। कई कारों में तोड़फोड़ भी की गई। पथराव और आगजनी में एक महिला पुलिसकर्मी समेत 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। रैली में एक हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए थे। हिंसा को लेकर प्रशासन ने जिले में धारा 144 लागू कर दी है। इंटरनेट सर्विस को बंद कर दिया गया है। संबलपुर के एसपी बी गंगाधर ने जानकारी दी कि जांच के बाद मामला दर्ज कर 40 लोगों को हिरासत में लिया गया है। ओडिशा में हनुमान जयंती महा विशुवा संक्रांति पर मनाई जाती है जो इस साल 14 अप्रैल को पड़ रही है।

## सावरकर के पोते ने राहुल के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया



**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विनायक दामोदर सावरकर के पोते सात्यिकी सावरकर ने पुणे में आपराधिक मानहानि का केस दर्ज कराया है। सावरकर के पोते सात्यिकी सावरकर ने कहा कि बस अब बहुत हो गया। राहुल गांधी पिछले महीने लंदन गए थे। वहां उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था कि वीर सावरकर ने अपनी एक किताब में लिखा है कि उन्होंने अपने 5-6 दोस्तों के साथ एक मुसलमान को पीटा और उस झगड़े का लुत्फ उठाया। यह सावरकर का अपमान है। सात्यिकी ने कहा कि राहुल गांधी ने लंदन में भारतीय प्रवासी के साथ बातचीत के दौरान सावरकर का विषय उठाया था। राहुल गांधी ने इस घटना के बारे में बोलते हुए पूछा था कि क्या यह कायराना हरकत नहीं है।

# मिट्टी में मिला दिया...

### अतीक के बेटे असद का झांसी में एनकाउंटर, शूटर गुलाम भी ढेर, पुलिस काफिले पर हमला कर गैंगस्टर अतीक को छुड़ाने का प्लान थाः एडीजी

#### वादे पर खरे उतरे सीएम

= बेटे के एनकाउंटर की खबर सुनकर वो रोने लगा। गला सूखा तो पानी मांगा और सिर पकड़कर बैठ गया

**टीम एक्शन इंडिया/ प्रयागराज/ झांसी**
**गैंगस्टर** अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम मोहम्मद को यूपी पुलिस ने गुरुवार को मार गिराया। दोनों उमेश पाल मर्डर केस में वांटेड थे। दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम था। पुलिस के मुताबिक, इनके पास विदेशी हथियार भी मिले हैं। एनकाउंटर झांसी में पारीछा डैम के पास एसटीएफ ने किया। प्रशांत कुमार एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने बताया-इनपुट थे कि रास्ते में काफिले पर हमला करके अतीक को छुड़ाने की प्लानिंग की जा रही है। इसे देखते हुए स्पेशल फोर्सेस लगाई गई थीं। एसटीएफ की कार्रवाई के दौरान अतीक की प्रयागराज कोर्ट में पेशी चल रही थी। बेटे के एनकाउंटर की खबर सुनकर वो रोने लगा। गला सूखा तो पानी मांगा और सिर पकड़कर बैठ गया। 24 फरवरी को उमेश पाल के मर्डर के बाद से ही असद और गुलाम मोहम्मद फरार थे। एसटीएफ 48 दिन से लगातार इन्हें ट्रेस कर रही थी और झांसी में इनकी लोकेशन मिलने पर मार गिराया। एनकाउंटर को डिप्टी एसपी नवेंदु और डिप्टी एसपी विमल ने लीड किया। एसटीएफ के एडीजी अनंत देव तिवारी ने कहा-असद और गुलाम को हमारी टीम ने मार गिराया है। इनके पास से पिस्टल, रिवॉल्वर और विदेशी हथियार बरामद हुए हैं।अमिताभ यश (एडीजी यूपी एसटीएफ) ने कहा कि हमें जानकारी थी कि इनके पास विदेशी हथियार हैं। हम तैयार थे। जिस तरह इस गैंग ने उमेश पाल और उनके दोनों गनर्स को मारा था, इन आरोपियों को पकड़ना आसान नहीं था। दोनों के पास ब्रिटिश बुलडॉग रिवॉल्वर और वाल्थर पिस्टल मिली है। ये हथियार रेयर हैं।



#### सरकार माफियाओं को खत्म करने प्रतिबद्धः एडीजी

**प्रशांत कुमार** एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने कहा कि सरकार की अपराध और अपराधियों, माफियाओं को खत्म करने की जो प्रतिबद्धता है, वो आप जानते हैं। सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। 12.30 से 1.00 बजे के बीच सूचना के आधार पर कुछ लोगों को रोका गया तो दोनों तरफ से गोलियां चलीं। उस ऑपरेशन में एसटीएफ ने असद और गुलाम पर फायरिंग की। ये घायल हुए और बाद में दम तोड़ दिया।

#### अतीक ने पत्नी से कहा था- बेटे ने शेरों वाला काम किया है

**उमेश** पाल मर्डर में असद का नाम और सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद शाइस्ता ने अतीक अहमद से नाराजगी जाहिर की थी। रोते हुए कहा था कि असद अभी बच्चा है। उसे इस मामले में नहीं लाना चाहिए था। यह सुनने के बाद माफिया डॉन अतीक अहमद नाराज हो गया था। डांटकर उसने शाइस्ता परवीन से कहा था कि असद शेर का बच्चा है। उसने शेरों वाला काम किया है। आज उसकी वजह से ही मैं 18 साल बाद चैन की नींद सोया हूं। उमेश के चलते मेरी नींद हराम हो गई थी। अब तुम बेवजह बात करके मेरा मूड न खराब करो। सब मैनेज हो जाएगा।

#### अतीक-अशरफ को 4 दिन की पुलिस रिमांड

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**उमेश** पाल मर्डर केस में आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों को 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अतीक और अशरफ 14 अप्रैल से 17 अप्रैल तक पुलिस की रिमांड पर रहेंगे। इससे पहले कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। पेशी के दौरान जब अतीक को असद के एनकाउंटर की खबर मिली तो कोर्ट में ही फूट-फूटकर रोने लगा। अतीक वहीं जमीन पर बैठ गया। कुछ देर बाद उसने पीने के लिए पानी मांगा। वहीं कोर्ट परिसर में 'अतीक अहमद मुर्दाबाद, उमेश पाल अमर रहें' के नारे लगे। साथ ही, योगी-मोदी जिंदाबाद के भी नारे लगाए गए। वकीलों के गुस्से को देखते हुए अतीक और अशरफ को सुरक्षा के बीच सुरक्षित निकाला गया। पुलिस दोनों को एक ही प्रिजन वैन में बैठाकर नैनी सेंट्रल जेल ले गई।

## बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में रेड अलर्ट, 2 संदिग्धों की तलाश



**बठिंडाः** पंजाब के बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में सेना के 4 जवानों को गोलियां मारने वाले 2 संदिग्ध हमलावरों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। उनका सुराग लगाने के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। दूसरी तरफ घटना के 24 घंटे बीत जाने के बावजूद मिलिट्री एरिया में रेड अलर्ट जारी है। मिलिट्री एरिया के स्कूल आज भी बंद कर दिए गए हैं। इस बीच गुरुवार सुबह मिलिट्री स्टेशन के अंदर एक और सैनिक की गोली लगने से मौत हो गई। बुधवार रात को यूनिट के ऑफिस के नजदीक यह वाकया हुआ। जांच में पता चला कि संतरी की ड्यूटी पर तैनात गुर तेजस लहुराज के सिर में गोली लगी है। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। मिलिट्री पुलिस जांच कर रही है कि सैनिक ने खुदकुशी की है, किसी ने उसे गोली मारी या फिर यह हादसा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, इसका फायरिंग से कोई रिलेशन नहीं है। देर रात चारों जवानों का सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। उनके सीने गोलियों से छलनी थे। आज जवानों के शवों को उनके गांव भेज दिया जाएगा। इस बीच, देर रात तक मिलिट्री और पुलिस के उच्चाधिकारियों की बैठक भी जारी रही।

## अमृतपाल राजस्थान में छिपा है!

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**वारिस** पंजाब दे का मुखी खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह राजस्थान में छिपा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हनुमानगढ़ जिले में संगरिया इलाके के एक गांव में उसके छिपे होने की जानकारी मिली है। यह इनपुट मिलते ही राजस्थान पुलिस ने हनुमानगढ़ और उससे सटे चार अन्य जिलों- श्रीगंगानगर, जैसलमेर, बीकानेर और बाड़मेर में सर्चिंग शुरू कर दी है। अमृतपाल 27 दिन से पंजाब पुलिस को चकमा दे रहा है। पंजाब पुलिस की टीमें भी राजस्थान पहुंची हैं। पुलिस अधिकारी अभी इसकी अधिक जानकारी नहीं दे रहे हैं। उमेश मिश्रा ने पुलिस मुख्यालय में एक ब्रीफिंग के दौरान सिर्फ इतना ही कहा कि हम कामयाबी के करीब हैं। पपलप्रीत सिंह की गिरफ्तारी के बाद से ही अमृतपाल के श्री हरमंदिर साहिब, श्री दमदमा साहिब या श्री आनंदपुर साहिब में सरेंडर करने की चचाएं चल रही हैं। इसके बाद से ही तीनों तख्तों पर सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है।



**अमृतपाल के मददगार गिरफ्तारः** पंजाब पुलिस ने होशियारपुर में अमृतपाल सिंह की मदद करने वाले दो भाइयों को अरेस्ट किया है। यह दोनों भाई राजपुरा भैणिया के रहने वाले हैं।




## पीएम ने 71 हजार युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर दिए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार की रोजगार मेला स्कीम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 71 हजार युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर जारी किए। अलग-अलग राज्यों से जुड़े इन सभी युवाओं को केंद्र सरकार के विभागों में नौकरी दी गई है। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम ने कहा कि मैं अपने आप को हमेशा एक विद्यार्थी मानता रहा हूं। मैं कभी ये नहीं सोचता कि मुझे सब कुछ आता है और अब कुछ सीखने की जरूरत नहीं है।



आप भी कभी ऐसा मत सोचना कि आप सब कुछ सीख गए हैं। सीखने के लिए हमेशा तैयार रहना।

**कोरोना ने कई देशों की अर्थव्यवस्था को गिराया, पर हम मजबूत खड़े रहेः** आज भारत दुनिया की सबसे तेज रफ्तार से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पूरी दुनिया कोविड के बाद मंदी से जूझ रही है, ज्यादातर देशों की अर्थव्यवस्था लगातार गिरती जा रही है। बावजूद इसके दुनिया भारत को एक चमकते बिंदु की तरह देख रही है।

#### नियुक्ति पत्र

= अलग-अलग राज्यों से जुड़े इन सभी युवाओं को केंद्र सरकार के विभागों में नौकरी दी गई है

## बीबीसी इंडिया पर फॉरेन एक्सचेंज नियमों के उल्लंघन का केस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रवर्तन** निदेशालय यानी ईडी ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी (बीबीसी) इंडिया के खिलाफ फॉरेन एक्सचेंज के नियमों के उल्लंघन के मामले में केस दर्ज किया है। फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट यानी एफसीआरए के तहत यह केस दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ईडी बीबीसी के फॉरेन रेमिटेंसेस की जांच कर रही है। फाइनेंशियल स्टेटमेंट भी देने के लिए कहा है।

**बीजेपी निशाने पर** आज बस्तर एक ब्रांड बन गया है, देश में ही नहीं विदेश में भी यहां के उत्पादों का उपयोग हो रहा है

## 'भाजपा ने आपको निर्भर बनाया, आत्मनिर्भर नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**कांग्रेस की** राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी बस्तर पहुंचकर सबसे पहले मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे सभा स्थल पर पहुंची। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेरे परिवार का बस्तर से विशेष लगाव रहा है। मैं यहां पहली बार आई हूं, लेकिन मैं बचपन से बस्तर के बारे में, यहां के लोगों के संघर्ष के बारे में सुनती आई हूं। प्रियंका ने अपने संबोधन की शुरूआत गोंडी में लोगों का अभिवादन करते हुई की। उन्होंने कहा कि आज बस्तर एक ब्रांड बन गया है। देश में ही नहीं विदेश में भी यहां के उत्पादों का उपयोग हो रहा है। मेरी दादी कहती थीं कि सबसे अच्छी संस्कृति आदिवासी होती है, क्योंकि आप लोग बिना प्रकृति का नुकसान किए जीवनयापन करते हैं। प्रियंका ने कहा कि बस्तर की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है।



जब हम कमाती हैं तो हमारे में आत्मविश्वास आता है कि हम भी परिवार में कुछ कमाकर लाई हैं। भारतीय जनता पार्टी की 15 साल की सरकार ने बस्तर के लोगों को सरकार पर निर्भर बनाया। आत्मनिर्भर नहीं बनाया। कांग्रेस सरकार ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाया। कांग्रेस की सरकार ने 65 वनोपज के लिए एमएसपी दे रही है। 5 लाख लोगों को वनअधिकार पट्टे दिए। धान की सबसे ज्यादा एमएसपी 2660 रुपए यहां मिल रही है। जब भाजपा की सरकार थी तो सिर्फ शोषण था। गौमाता सड़कों पर घूमती थीं। सरकार आई तो खेतों को चरने वाली गौमाताओं के लिए गौठान बनाई। अब यह मॉडल पूरे विश्व में चर्चित है। मैं यूपी में बताती हूं कि देखिए छत्तीसगढ़ में इसकी कितनी अच्छी योजना बनाई। भाजपा भ्रष्टाचार आपने 15 साल भुगता है।

# 'पर्यावरण संरक्षण को लेकर सजग हैं'

## परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती के हाथों कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के निदेशक डॉ. नरहरि बांगड़ और संयुक्त

**8 पर्यावरण संरक्षण को लेकर सजग हैं और हमारी योजनाएं काफी सफल हो रही हैं। चाहे वह मेरा पानी मेरी विरासत हो या ढैंचा लगाने को लेकर हरित खाद की क्रांति हो**





**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**दिल्ली के** डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित दूसरे विवेकानंद स्थिरता सम्मेलन में कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हरियाणा को फसल जेट के लिए सम्मानित किया गया। परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती के हाथों कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के निदेशक डॉ. नरहरि बांगड़ और संयुक्त निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिहाग ने यह सम्मान ग्रहण किया। इस मौके पर निदेशक डॉ. नरहरि बांगड़ ने कहा कि विभाग कृषि के क्षेत्र में लगातार नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हम पर्यावरण संरक्षण को लेकर सजग हैं और हमारी योजनाएं काफी सफल हो रही हैं। चाहे वह मेरा पानी मेरी विरासत हो या ढैंचा लगाने को लेकर हरित खाद की क्रांति हो। किसानों में सतत पोषणीय विकास को लेकर हम लगातार विभिन्न माध्यमों से जागरूकता ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी 2022-23 में जिन किसानों द्वारा अटल सेवा केन्द्र के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवाया था, परन्तु दस्तावेज के अभाव के कारण बीमा कंपनियों द्वारा किसानों के आवेदन सम्बन्धित अटल सेवा केन्द्र को सही दस्तावेज अपलोड करने के लिए वापिस भेज दिये गये हैं। इसकी सूचना विभाग की बेवसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि किसान भाईयों के हितों को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा निर्णय लिया गया है कि जिन किसान भाइयों का सूची में नाम है, वे सभी किसान सूची में नाम चेक करके आवश्यक दस्तावेज 18 अप्रैल तक अटल सेवा केन्द्र में जाकर पोर्टल पर अपलोड करवा दें। इससे किसान भाई फसल बीमा योजना का लाभ ले सकें। अन्यथा दस्तावेज के अभाव के कारण आपकी बीमा पॉलिसी स्कीम के दिशा निर्देशों अनुसार निरस्त कर दी जाएगी।

**हरियाणा के कृषि विभाग को विवेकानंद स्थिरता सम्मेलन में मिला सम्मानः** दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित दूसरे विवेकानंद स्थिरता सम्मेलन में कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हरियाणा को फसल जेट के लिए सम्मानित किया गया। परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती के हाथों कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के निदेशक डॉ. नरहरि बांगड़ और संयुक्त निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिहाग ने यह सम्मान ग्रहण किया। इस मौके पर निदेशक डॉ. नरहरि बांगड़ ने कहा कि विभाग कृषि के क्षेत्र में लगातार नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हम पर्यावरण संरक्षण को लेकर सजग हैं और हमारी योजनाएं काफी सफल हो रही हैं। चाहे वह मेरा पानी मेरी विरासत हो या ढैंचा लगाने को लेकर हरित खाद की क्रांति हो। किसानों में सतत पोषणीय विकास को लेकर हम लगातार विभिन्न माध्यमों से जागरूकता ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी 2022-23 में जिन किसानों द्वारा अटल सेवा केन्द्र के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवाया था, परन्तु दस्तावेज के अभाव के कारण कंपनियों द्वारा किसानों के आवेदन सम्बन्धित अटल सेवा केन्द्र को सही दस्तावेज अपलोड करने के लिए वापिस भेज दिये गये हैं।

## गुरुग्राम में 44 केंद्रों पर 3 शिफ्ट में होगी यूपीएससी की परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
जिला में 16 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा आयोजित की जाएगी। सीडीएस, एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए एडीसी की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया। लघु सचिवालय में आयोजित इस बैठक में उन्होंने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि यह काफी संवेदनशील कार्य है, जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। अधिकारी सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षा के लिए संघ लोक सेवा आयोग ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर ले। 16 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला में 44 केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सीडीएस परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण सुबह 9 बजे से 11 बजे तक, दूसरा चरण दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक व तीसरा चरण दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक होगा।

वहीं एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा के लिए प्रथम चरण सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक व दूसरा चरण दोपहर 2 बजे से सायं 4.30 बजे तक रखा गया है।

# गेहूं का उठान सरकार ने छोड़ा राम भरोसेः हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि मंडियों में किसान और अनाज की लगातार बेअदबी हो रही है। क्योंकि गेहूं की आवक जोरों पर है, लेकिन सुचारू तरीके से खरीद और उठान नहीं होने की वजह से मंडियां अनाज से अटी पड़ी है। किसानों को अपनी फसल उतारने के लिए भी जगह नहीं मिल रही। मंडियों से उठान के लिए अबतक सरकार ने ट्रांसपोर्ट्स को टेंडर तक नहीं दिया। ऐसे में उठान कैसे होगा? जब तक उठान नहीं होगा, तब तक किसानों की पेमेंट नहीं होगी। क्योंकि पेमेंट गोदाम में माल जाने के बाद ही होती है। ऐसे में सरकार द्वारा किया जा रहा 72 घंटे में भुगतान का दावा पूरी तरह हवा-हवाई साबित होता है। ऐसा लगता है मानो बीजेपी-जेजेपी सरकार जानबूझकर पेमेंट लेट करने के लिए उठान में देरी कर रही है। अपनी मांगों को दोहराते हुए हुड्डा ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द गेहूं की खरीद व उठान करे। साथ ही पिछले दिनों बारिश की वजह से हुए खराबे की गिरदावरी के काम में तेजी लाए। किसानों को 25000 से लेकर 50000 रुपये तक एक मुआवजा व 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि किसान समेत हर वर्ग मौजूदा गठबंधन सरकार की कुनीतियों से परेशान है। इसलिए वह प्रदेश में बदलाव करके कांग्रेस की सरकार बनाना चाहता है। जनता के रुझान का ही नतीजा है कि कांग्रेस का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में पिहोवा से हरियाणा विकास पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ चुके उम्मीदवार, कॉन्फेड के पूर्व चेयरमैन व कुरुक्षेत्र डेवलपमेंट बोर्ड के पूर्व सदस्य जसमेर सिंह श्योकंद ने भी कांग्रेस का दामन थामा।

# पुराने व नये कचरे के निस्तारण हेतू प्रभावी कार्य योजना तैयार करने के दिए निर्देश

## पाली साइट पर वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्र स्थापित करने के लिए भी कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए

**8 लीचेट प्रबंधन, रेफ्युजल डिराइवड फ्यूल के निपटान के लिए एक प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण और नगर निगम, फरीदाबाद के अधिकारियों को पुराने और नये कचरे के निस्तारण, लीचेट प्रबंधन, रेफ्युजल डिराइवड फ्यूल (आरडीएफ) के निपटान के लिए एक प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने गुरुग्राम में बंधवाड़ी लैंडफिल साइट और फरीदाबाद में पाली साइट पर वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्र स्थापित करने के लिए भी कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। कौशल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपशिष्ट प्रबंधन के लिए अन्य वैकल्पिक साइट का का भी पता लगाया जाए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जुलाई तक मानसून की शुरूआत से पहले 27.86 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे का निस्तारण कर लिया जाएगा। मुख्य सचिव ने ये निर्देश आज यहां गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण और नगर निगम फरीदाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को लैंड फिलिंग साइटों की साप्ताहिक स्टेटस रिपोर्ट की समीक्षा और निगरानी करने तथा इस बारे में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को पुराने व नये कचरे के निस्तारण, लीचेट प्रबंधन, रेफ्युजल डिराइवड फ्यूल (आरडीएफ) के निपटान, गुरुग्राम में बंधवाड़ी लैंडफिल साइट और फरीदाबाद में पाली साइट पर वेस्ट टू एनर्जी संयंत्र स्थापित करने में देरी के लिए ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू करने और जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को अपशिष्ट प्रसंस्करण के लिए समय सीमा, कचरे की मात्रा, और कचरा प्रसंस्करण के लिए एजेंसियों को तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी राज्य में पर्यावरण नियमों को लागू और क्रियान्वित करने के दौरान इन कार्यों का मूल्यांकन करें। कौशल ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण की सुरक्षा के उद्देश्य से कानून व नियम बना रही है और लागू कर रही है। इन नियमों में हवा और पानी की गुणवत्ता, अपशिष्ट प्रबंधन तथा प्राकृतिक संसाधन संरक्षण जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करती है कि इन नियमों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और उल्लंघन करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाए। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण कुमार गुप्ता, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पी. सी. मीणा, नगर निगम फरीदाबाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# संत धन्ना भगत जयंती के लिए आयोजन समिति गठित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने आगामी 21 अप्रैल को कैथल जिला के गॉव धनोरी में " संत धन्ना भगत जयंती " को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है, इसके लिए एक आयोजन समिति भी गठित कर दी है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस समिति के अध्यक्ष " हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो" के चेयरमैन सुभाष बराला होंगे। इनके अलावा सदस्य के तौर पर कृषि मंत्री जेपी दलाल , महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा , कुरुक्षेत्र लोकसभा से सांसद नायब सैनी , हिसार के सांसद बृजेन्द्र सिंह , भिवानी के सांसद धर्मबीर सिंह ,राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार व सांसद जनरल डीपी वत्स , विधायक महिपाल ढांडा , विधायक रामनिवास सुरजखेड़ा ,पूर्व मंत्री कैप्टेन अभिमन्यु , पूर्व मंत्री प्रोफेसर छत्रपाल ,एडवोकेट वेदपाल, किसान मोर्चा के अध्यक्ष सुखविंदर सिंह मांढी , महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा चौहान , अशोक गुज्जर कैथल , राजकुमार मोर जींद , वेद फुलां कैथल , बलदेव गरोहा फतेहाबाद , रवि बाता कुरुक्षेत्र , कैप्टेन भूपेंद्र सिंह हिसार , रणदीप घणघस मीडिया कोर्डिनेटर , हरपाल चीका ,किसान नेता कैथल , धन्ना भगत शिक्षा समिति कुरुक्षेत्र के प्रधान सुभाष सहारन ,युवा संगठन धनोरी के प्रधान सोनू कुमार, सरदार संतोख सिंह रसीदा , धनोरी के सरपंच कपिल , धन्ना भगत मंदिर धनोरी के प्रेजिडेंट बरथा राम को शामिल किया गया है।

## दीनबंधु छोटू विश्वविद्यालय में मनाया जाएगा डा.बाबा साहेब अंबेडकर जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल में डा.बाबा साहेब अंबेडकर जयंती समारोह मनाया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय होगें। जबकि सांसद रमेश कौशिक, राई से विधायक मोहन लाल बड़ौली, व गन्नौर से विधायक निर्मल रानी समारोह में अतिविशिष्ट अतिथि होंगे। डा.बाबासाहेब अंबेडकर जयंती समारोह के मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो.राजेंद्रकुमार अनायत व रजिस्ट्रार व समारोह के संरक्षक प्रो.सुरेश कुमार ने बताया कि डीसीआरयूएसटी,मुरथल में 14 अप्रैल को भारत रत्न डा.बाबासाहेब अंबेडकर जयंती समारोह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के तौर पर समाजसेवी राजीव जैन व हरियाणा उपक्रम ब्यूरो के पूर्व वाइस चेयरमैन होगें। उन्होंने बताया कि इस दौरान विश्वविद्यालय की एनएसएस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

# कबूतरबाजी के मामलों पर लगाम लगाने के लिए एसआईटी का गठन

**8 टीम को सख्ती से इन मामलों से निपटने के दिशा-निर्देश गृह मंत्री अनिल विज द्वारा दिए गए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के गृह मंत्री अनिल विज ने प्रदेश में कबूतरबाजी के मामलों पर लगाम लगाने के लिए एसआईटी का गठन किया है। अम्बाला रेंज के आईजी सिबास कबिराज के नेतृत्व में तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की गई है जिसमें अम्बाला के एसपी जशनदीप सिंह रंधावा और कैथल के एसपी अभिषेक जोरवाल को शामिल किया गया है।

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि एसआईटी प्रदेश के युवाओं के साथ धोखाधड़ी करने वाले तथा उनसे लाखों रुपये ऐंठकर गैर-कानूनी तरीके से विदेशों में भेजने वाले कबूतरबाजी के मामलों की जांच करेगी।

टीम को सख्ती से इन मामलों से निपटने के दिशा-निर्देश गृह मंत्री अनिल विज द्वारा दिए गए हैं। गौरतलब है कि कुछ वर्ष पूर्व भी गृह मंत्री अनिल विज ने कबूतरबाजी के मामलों के लिए करनाल रेंज की तत्कालीन आईजी भारती अरोड़ा के नेतृत्व में भी एक एसआईटी का गठन की थी, जिसमें अलग-अलग जिलों के पुलिस कप्तान शामिल थे। इस एसआईटी ने 450 से ज्यादा मामले कबूतरबाजों पर दर्ज करते हुए उनके कब्जे से भारी मात्रा में बरामदगी की थी।

इस एसआईटी के बेहतर कार्य को देखते हुए गृह मंत्री अनिल विज की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया था।

# गैरहाजिर रहने पर 5 विभागों के एचओडी के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाईः कमल

**8 कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को लेकर अधिकारियों को गंभीरता के साथ कार्य करना होगा। इसके साथ सभी समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/कुरुक्षेत्र**
हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता ने कष्ट निवारण समिति की बैठक में विभागाध्यक्ष के गैर हाजिर रहने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए पांच विभागों के विभागाध्यक्षों के अनुपस्थित रहने पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

इसके साथ ही, सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को प्रत्येक जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में समय से पहुंचने के आदेश भी दिए है।

डा. कमल गुप्ता कुरुक्षेत्र में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की तीसरी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डा. गुप्ता ने बैठक में 19 में से 15 शिकायतों का मौके पर समाधान किया और 4 लंबित शिकायतों को भी संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान करने के आदेश दिए ताकि आगामी बैठक में इन लोगों को भी न्याय मिल सके। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को लेकर अधिकारियों को गंभीरता के साथ कार्य करना होगा। इसके साथ सभी समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं।

# अयोध्या में राम मंदिर पहरावर में परशुराम मंदिर बनेगा: जयहिंद

**जींदः** युवा नेता नवीन जयहिंद ने कहा कि परशुराम जयंती के अवसर पर 22 अप्रैल को पहरावर की जमीन पर ही दोपहर 12 बजकर 12 मिनट से हवन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने पीले चावल देकर आम आदमी से लेकर पंच, सरपंच, पार्षद, विधायक, सांसद, मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री व सभी सामाजिक कार्यकताओं को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव का निमंत्रण दिया है।

# सैकेंडरी व सीनियर सैकेंडरी की विशेष अवसर परीक्षाएं 24 अप्रैल से आरम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबद्ध सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी की विशेष अवसर की परीक्षाएं 24 अप्रैल, 2023 से प्रारम्भ होंगी। परीक्षाओं का तिथि-पत्र बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की परीक्षाएं 24 अप्रैल से आरम्भ होकर 01 मई, 2023 तक तथा सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की परीक्षाएं 24 अप्रैल से आरम्भ होकर 04 मई, 2023 तक संचालित करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि ये परीक्षाएं जिला मुख्यालय भिवानी पर एक ही सत्र में दोपहर 2.00 बजे से संचालित होंगी। उन्होंने बताया कि सैकण्डरी की गणित विषय की परीक्षा 24 अप्रैल को, सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा 25 अप्रैल को, अंग्रेजी विषय की परीक्षा 26 अप्रैल को, विज्ञान विषय की परीक्षा 27 अप्रैल को, हिन्दी विषय की परीक्षा 28 अप्रैल को, संस्कृत, संस्कृत साहित्य आर्ष पद्धति गुरुकुल, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा, संगीत हिंदुस्तानी (वोकल) विषयों की परीक्षा 29 अप्रैल, 2023 तथा संस्कृत व्याकरण आर्ष पद्धति गुरुकुल की परीक्षा 01 मई, 2023 को संचालित होंगी।




उन्होंने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी की संस्कृत, संस्कृत व्याकरण भाग-1 आर्ष पद्धति गुरुकुल विषयों की परीक्षा 24 अप्रैल को, हिंदी (कोर) विषय की परीक्षा 25 अप्रैल को, अंग्रेजी (कोर) विषय की परीक्षा 26 अप्रैल को, गणित, राजनीतिक विज्ञान एवं ललित कला (सभी विकल्प) विषयों की परीक्षा 27 अप्रैल को, इतिहास/जीव विज्ञान/अर्थशास्त्र विषयों की परीक्षा 28 अप्रैल को, रसायन विज्ञान/लेखांकन/लोक प्रशासन विषयों की परीक्षा 29 अप्रैल को, भूगोल व गृह विज्ञान विषय की परीक्षा 01 मई को, भौतिकी विज्ञान/समाजशास्त्र व संगीत हिंदुस्तानी (वोकल) विषयों की परीक्षा 02 मई को, संस्कृत साहित्य वेद सिद्धांत आर्ष पद्धति गुरुकुल व शारीरिक शिक्षा विषयों की परीक्षा 03 मई तथा संस्कृत व्याकरण भाग-2 आर्ष पद्धति गुरुकुल की परीक्षा 04 मई को संचालित होंगी।

# भाजपा में परिवारवाद की कोई जगह नहीं: नवीन बंटी

## अपनी मेहनत की बदौलत साधारण सा कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री के पद पर आसीन हो सकता है: नवीन बंटी



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की पार्टी है। भाजपा में परिवारवाद के लिए कोई जगह नहीं है। अपनी मेहनत की बदौलत साधारण सा कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री के पद पर आसीन हो सकता है। यह बात भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने गुरु नानक कॉलोनी सरकारी अस्पताल के साथ जोड़ वाली गली में आयोजित कार्यक्रम में आमजन को पार्टी में शामिल करते हुए कही। कॉलोनी में पहुंचे भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी का कॉलोनी वासियों ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। नवीन बंटी ने पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा परिवार के नए सदस्यों को विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। इस अवसर पर नवीन बंटी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की पार्टी है। पार्टी में साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत की बदौलत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री सहित किसी भी पद पर पहुंचकर राष्ट्र व आमजन की सेवा कर सकता है और यह सिर्फ भाजपा में ही संभव है क्योंकि अन्य पार्टियां भाई- भतीजावाद व परिवारवाद में फंसी हुई है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की बदौलत भारतीय जनता पार्टी आज पूरे विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुकी है जिसके लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने कहा कि केंद्र व हरियाणा की बीजेपी सरकार सत्ता ही सेवा के सिद्धांत पर चलते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लागू करके समाज की अंतिम पंक्ति तक के व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। नवीन बंटी ने कहा कि आज देश व हरियाणा प्रदेश की जनता जान चुकी है कि विपक्ष सिर्फ सत्ता हथियाने के लिए उन्हें बहकाने व बरगलाने का काम कर रहा है। इसलिए उनके हित भाजपा में ही सुरक्षित हैं। नवीन बंटी ने कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा व हरियाणा विधानसभा चुनाव में जनता जनार्दन अपनी वोट की ताकत से हरियाणा व केंद्र में भाजपा की तीसरी सरकार बनाकर जीत की हैट्रिक बनाएगी। भाजपा में शामिल हुए परिवार के सभी नए सदस्यों ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हरियाणा व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाकर उनका लाभ दिलाने का सेवा कार्य करेंगे तथा संगठन व पार्टी की जन हितैषी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाकर पार्टी व संगठन को और मजबूत करने का काम पूरी ईमानदारी से करेंगे। इस अवसर पर बबीता दहिया, आमोद छिल्लर, शहरी मंडल अध्यक्ष युवा जितेश सेठी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# विधायक राजेंद्र जून ने कार्यालय पर सुनी जन समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव,**
कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह जून ने बृहस्पतिवार को दिल्ली रोहतक रोड स्थित कार्यालय पर जन समस्याएं सुनी। समस्याएं सुनने के उपरांत विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन करके जन समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि बीजेपी सरकार से सभी वर्ग दुखी है। बीजेपी राज में महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी के मामले में हरियाणा प्रदेश को देश मे प्रथम स्थान प्राप्त हो रहा है। प्रदेश की भाजपा - जजपा गठबंधन सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है। विधायक राजेंद्र



सिंह जून ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के कुशल मार्गदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश भर में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकालकर बीजेपी सरकार की जनविरोधी नीतियों की जानकारी आमजन को देने के साथ-साथ उन्हें कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का काम कर रही है। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी से दुखी प्रदेश की जनता फिर से कांग्रेस पार्टी की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है।

# काम न करने वाले कर्मचारियों पर की खैर नहीं...

## डॉ. शैली ओबराय ने अधिकारियों को काम न करने वाले कर्मचारियों की लिस्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि उनके ऊपर कार्रवाई की जा सके

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/तीरथ राज**

**दिल्ली नगर** निगम (एमसीडी) में काम नहीं करने वाले कर्मचारियों की लिस्ट तैयार की जा रही है। महापौर डॉ. शैली ओबराय ने अधिकारियों को काम न करने वाले कर्मचारियों की लिस्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि उनके ऊपर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि कई वार्डों से कुछ कर्मचारियों की शिकायतें लगातार आ रही हैं। ऐसे लापरवाह कर्मचारियों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। उनके नाम नोट किए जा रहे हैं। महापौर ने नजफगढ़ जोन के निगम पार्षदों और अधिकारियों के साथ सिविक सेंटर में समीक्षा बैठक भी की। बैठक के दौरान उन्होंने नजफगढ़ जोन की



नागरिक समस्याओं और विकास कार्यों का जायजा लिया। पार्षदों ने महापौर को स्थानीय क्षेत्रों में साफ-सफाई की स्थिति, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध अतिक्रमण, पार्कों के रखरखाव और स्कूलों की स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान उप महापौर आले मोहम्मद इकबाल भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान स्थानीय पार्षदों ने जोन के सागरपुर व डबरी क्षेत्रों में व्यावसायिक वाहनों द्वारा



सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण व अवैध डेयरियां चलाने के संबंध में चिंता व्यक्त की। डॉ. ओबराय ने अधिकारियों को बार-बार ऐसा करने वालों के खिलाफ भारी जुर्माना सहित कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि एमसीडी के अधिकारियों और स्थानीय पार्षदों द्वारा किए गए वार्ड निरीक्षण को सुनियोजित किया जाना चाहिए ताकि अधिकतम लोगों को इसका लाभ मिल सके।

**बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही**

पार्षद और अधिकारी दोनों उन नागरिकों के प्रति जवाबदेह हैं। दोनों को शहर में नागरिक सुविधाओं की बेहतरी के लिए तालमेल से काम करना चाहिए। लोगों के काम नहीं करने वाले कर्मचारियों की लिस्ट तैयार की जा रही है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कई वार्डों से कुछ कर्मचारियों की शिकायतें लगातार आ रही हैं। ऐसे लापरवाह कर्मचारियों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। पार्षदों ने सागरपुर वार्ड व ककरोला वार्ड में स्कूल स्टाफ की कमी व स्कूल भवनों की जर्जर स्थिति की जानकारी दी।

# 10 हजार से ज्यादा स्थानों पर बीजेपी कार्यकर्ता सुनेंगे 'मन की बात'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100 वां एपिसोड 30 अप्रैल को प्रसारित होगा। भाजपा इस अवसर पर बड़े आयोजन की तैयारी कर रही है। दिल्ली में दस हजार से अधिक स्थानों पर इसके लाइव प्रसारण सुनाने की व्यवस्था की जाएगी जिसमें केंद्रीय मंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल होंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही आम नागरिक को भी इस आयोजन से जोड़ने की कोशिश हो रही है। पार्टी इस अवसर का सदुपयोग जनता से जुड़ाव व संवाद को मजबूत करने के लिए करेगी। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री मन की बात करते हैं। कई भाजपा नेता किसी कार्यकर्ता के घर जाकर या सार्वजनिक स्थल पर सामूहिक रूप से इस कार्यक्रम को सुनते हैं।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं से किसी एक कार्यकर्ता के घर इकट्ठे होकर मन की बात सुनने और उसके बाद बूथ की बैठक करने का आह्वान किया था, लेकिन दिल्ली में इसका सही तरह से पालन नहीं हो रहा है। प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी भी इस बात को स्वीकार करते हैं कि राजधानी में प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ता सामूहिक रूप से मन की

### 100वां मन की बात

**= भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही आम नागरिक को भी इस आयोजन से जोड़ने की कोशिश हो रही है**

बात नहीं सुनते हैं। अमूमन प्रत्येक शक्ति केंद्र (चार से पांच बूथ को मिलाकर) पर इस तरह का आयोजन हो रहा है। इसे बढ़ाने की जरूरत है। 30 अप्रैल इसके लिए अच्छा अवसर है। दिल्ली में कुल 13638 बूथ और भाजपा के 32 सौ से अधिक शक्ति केंद्र हैं।

**लोकसभा चुनाव की तैयारी में आएगी तेजी:** प्रत्येक बूथ पर 11 से 21 सदस्यीय टीम है। यदि प्रत्येक माह नियमित रूप से बूथ समिति के सदस्य एक स्थान पर इकट्ठे होंगे तो संगठन को जमीन पर मजबूती मिलेगी। बूथ स्तर पर कमियां दूर होंगी जिससे लोकसभा चुनाव की तैयारी में तेजी आएगी। इसे ध्यान में रखकर 100 वें एपिसोड पर बूथ स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया गया है। एक स्थान पर कम से 20 से 25 कार्यकर्ता व स्थानीय लोग समूह में प्रधानमंत्री की मन की बात सुन सुनेंगे। इसके साथ प्रत्येक जिले व मंडल में बड़े कार्यक्रम होंगे।

# डॉ अंबेडकर जयंती पर दिल्ली सरकार से जुड़े दफ्तरों में 14 अप्रैल को छुट्टी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय राजधानी** दिल्ली में डॉ भीम राव अंबेडर की जंयती के अवसर पर 14 अप्रैल को अवकाश घोषित कर दिया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गुरुवार को सभी सरकारी कार्यालयों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक उपक्रमों में अवकाश घोषित किया है। इसके अलावा डा. भीम राव आंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को दिल्ली हाई कोर्ट व निचली अदालतें बंद रहेंगीं। सुप्रीम कोर्ट के बाद बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल रविंदर दुदेजा ने इस संबंध में प्रशासनिक आदेश

### अवकाश

**= उपराज्यपाल ने गुरुवार को सभी सरकारी कार्यालयों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक उपक्रमों में अवकाश घोषित किया है**

जारी किया। आदेश के तहत 14 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध किए गए मामले अब 17 अप्रैल को सुने जाएंगे। वहीं, निचली अदालतों के समक्ष सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई 15 अप्रैल को होगी। आदेश के तहत 14 अप्रैल को होने वाले अवकाश की जगह पर दिल्ली हाई कोर्ट दो दिसंबर 2023 को शनिवार के दिन खुला रहेगा।

# भाजपा बुजुर्गों को कराएगी नि:शुल्क तीर्थ यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अरविंद** केजरीवाल की राह पर दिल्ली बीजेपी ने मुफ्त में वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को तीर्थ यात्रा कराने का फैसला किया है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मथुरा-वृंदावन के लिए श्रद्धालुओं को ले जाने वाली चार बसों को हरी झंडी मुफ्त तीर्थयात्रा कार्यक्रम की शुरूआत की।

**200 यात्रियों को लेकर 4 बसें रवाना:** बता दें कि भाजपा का मुफ्त तीर्थयात्रा कार्यक्रम आप सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना पर आधारित है, जिसके तहत देश भर में बुजुर्ग नागरिकों को मुफ्त में तीर्थ यात्रा पर भेजा जाता है। कोंडली से गुरुवार को रवाना



हुई चार बसों ने करीब 200 बुजुर्गों और महिलाओं को मथुरा, वृंदावन और गोवर्धन पहुंचाया। सचदेवा ने कहा कि भारत की आत्मा तीर्थ स्थलों में निवास करती है और हम तब तक जीवित हैं जब तक हमारा धर्म और संस्कृति जीवित है।

**हर हफ्ते दो बसें होंगी रवाना:** भाजपा की दिल्ली इकाई के कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल ने कहा कि हर हफ्ते दो बसें शहर के वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को लेकर विभिन्न तीर्थ स्थलों के लिए रवाना होंगी। कई श्रद्धालु ऐसे हैं, जो पहली बार तीर्थ यात्रा पर जा रहे हैं और उन तीर्थयात्रियों के लिए रिक्शा

### रवाना किया

**= हर हफ्ते दो बसें शहर के वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को लेकर विभिन्न तीर्थ स्थलों के लिए रवाना होंगी**

की व्यवस्था की गई है जिन्हें पैदल चलने में दिक्कत होती है। सचदेवा ने कहा कि उन्हें भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

**अयोध्या और वाराणसी के लिए भी जाएगी बस:** उन्होंने कहा, "आने वाले दिनों में हम वाराणसी और अयोध्या के लिए बसें भेजेंगे। भारत की संस्कृति सबसे पुरानी और सर्वश्रेष्ठ है और इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।"

# स्कूली बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए दिशा-निर्देश जारी

## निदेशालय ने सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त व निजी स्कूलों को बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए दिशा-निर्देश जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अप्रैल में चिल**चिलाती धूप के कारण तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। इस सप्ताह के अंत में तापमान 40 डिग्री पहुंचने की संभावना है। ऐसे में शिक्षा निदेशालय बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभी से सतर्क हो गया है। निदेशालय ने सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त व निजी स्कूलों को बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निदेशालय ने दोपहर की पाली के स्कूलों को दोपहर के समय प्रार्थना सभा टालने के लिए कहा है। शिक्षा निदेशालय के अनुसार दिन के समय तापमान बढ़ रहा है। यह स्कूलों में पढ़ने



वाले बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। तापमान में बढ़ोतरी से नागरिकों में थकावट, निर्जलीकरण, दस्त और उल्टी जैसी गर्मी संबंधित बीमारियों के मामले भी सामने आ रहे हैं। बच्चे जल्दी से गर्मी का शिकार बनते हैं। ऐसे में शिक्षा निदेशालय ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलाने और उचित उपायों को अपनाने के लिए निर्देश दिया है।

स्कूलों को कहा गया है कि स्कूलों में पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें। दोपहर की पाली वाले स्कूलों में प्रार्थना

### गर्मी से बचें...

**= रोशनी के सीधे संपर्क में आने के दौरान अपने सिर, छाता, टोपी, तौलिया ढकने के लिए जागरूक किया जाए**

सभा को टालें। कक्षाओं के दौरान बच्चों को पानी पीने के लिए ब्रेक दिया जाए। बच्चों को दिन के समय स्कूल आते व निकलते समय सूरज की रोशनी के सीधे संपर्क में आने के दौरान अपने सिर, छाता, टोपी, तौलिया ढकने के लिए जागरूक किया जाए। गर्मी से संबंधित बीमारी के किसी भी मामले की सूचना नजदीकी अस्पताल को दें।

# पुलिस ने जुआ रैकेट का किया भंडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस नारकोटिक्स स्क्वॉड ने राष्ट्रीय राजधानी में जुए के एक रैकेट का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने रैकेट में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान आमिर, शिव कुमार, शिवम, गणेश, शत्रुधन, अनमोल यादव, जय प्रकाश, मोहन और तरुण के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 14500 रुपये मूल्य की नकदी व अन्य सामग्री बरामद की है। डीसीपी साउथ चंदन चौधरी के मुताबिक नारकोटिक्स स्क्वॉड को पुख्ता सूचना मिली थी कि पार्क जमरूदपुर नई दिल्ली के पास प्राचीन कुआं में एक व्यक्ति जुआ खेल रहा है।



दिल्ली पुलिस नारकोटिक्स स्क्वॉड ने राष्ट्रीय राजधानी में जुए के एक रैकेट का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने रैकेट में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

# नौकरानी ने साथी के साथ मिलकर किया बुजुर्ग महिला का कत्ल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** में पुलिस ने एक बुजुर्ग महिला की हत्या के केस को 24 घंटे के अंदर सुलझाने में कामयाबी हासिल की है। मामला बिंदापुर का है जहां 11 और 12 अप्रैल की दरम्यानी रात में एक बुजुर्ग महिला का शव उसके घर से बरामद हुआ था। पुलिस को इसकी सूचना 11-12 अप्रैल की रात 2.30 बजे मिली थी। बिंदापुर के ओम विहार इलाके में स्थित महिला के घर पर जब पुलिस पहुंची तो पाया कि महिला मृत अवस्था में पड़ी है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो शक मृतक महिला की नौकरानी पर गया। पुलिस ने फुटेज के आधार पर नौकरानी और उसके पुरुष साथी को आरोपी मानते हुए अपनी जांच आगे बढ़ाई। हालांकि

### 2 गिरफ्तार

**= मामला बिंदापुर का है जहां 11 और 12 अप्रैल की दरम्यानी रात में एक बुजुर्ग महिला का शव उसके घर से बरामद हुआ था**

पुलिस के लिए इस केस की जांच उस वक्त टेढ़ी खीर बन गई जब पता चला कि मृतक बुजुर्ग के परिवार ने नौकरानी का वेरिफिकेशन नहीं कराया था और न ही उनके पास उसका कोई फोन नंबर आदि है। इसके बाद पुलिस ने इस केस की जांच के लिए कई टीमें बनाई और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच आगे बढ़ाई तो आरोपियों का पता चल ही गया।

# दीपक बॉक्सर का फर्जी पासपोर्ट व अन्य आईडी बनाने वाल एजेंट भूरा दलाल गिरफ्तार

## गैंगस्टर दीपक बॉक्सर का बनाया था फर्जी पासपोर्ट व अन्य आईडी, इंस्पेक्टर दुग्गल को पता लगा कि गैंगस्टर बॉक्सर का फर्जी पासपोर्ट बनाने वाला गिरोह यूपी के मुरादाबाद व बरेली से चल रहा है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली पुलिस की** स्पेशल सेल ने गैंगस्टर दीपक बॉक्सर का फर्जी पासपोर्ट व अन्य आईडी बनाने वाले एजेंट मुरादाबाद यूपी निवासी एजेंट महफूज खान उर्फ भूरा दलाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस इसके साथी, पोस्टमार्टम व पासपोर्ट सुविधा केंद्रों में सहायता करने वाले लोगों का पता कर रही है। फर्जी पासपोर्ट बनाने के लिए भूरा का मुरादाबाद, यूपी में अच्छा खासा नाम है। बॉक्सर की गिरफ्तारी के बाद ये फरार हो गया था। स्पेशल सेल के विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि एसीपी ललित मोहन

### काबू

**= फर्जी पासपोर्ट बनाने के लिए भूरा का मुरादाबाद, यूपी में नाम है। बॉक्सर की गिरफ्तारी के बाद ये फरार हो गया था**

नेगी की देखरेख में इंस्पेक्टर प्रवीण दुग्गल व इंस्पेक्टर राकेश राणा की टीम विदेशी धरती से अपने गैंग को चला रहे गैंगस्टरों नजर बनाए हुई थी। इस दौरान इंस्पेक्टर प्रवीण दुग्गल को पता लगा कि गैंगस्टर बॉक्सर का फर्जी पासपोर्ट बनाने वाला गिरोह यूपी के मुरादाबाद व बरेली से चल रहा है। मुरादाबाद, यूपी निवासी



भूरा दलाल इस गिरोह को चला रहा है। इस टीम को 11 अप्रैल को सूचना मिली कि भूरा दलाल फर्जी पासपोर्ट व अन्य कागजात देने के लिए साथी से मिलने सेक्टर-15, रोहिणी में आएगा। इंस्पेक्टर प्रवीण दुग्गल की टीम ने यहां घेराबंदी कर मोहल्ला स्टेशन रोड, अगवानपुर, थाना सिविल लाइंस मुरादाबाद, यूपी निवासी महफूज खान उर्फ भूरा दलाल को गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से 15 फर्जी पासपोर्ट, पासपोर्ट की दो फोटोकापी, सात आधार कार्ड, छह पेन कार्ड और छह वोटर कार्ड बरामद किए गए हैं। आरोपी भूरा ने स्वीकार किया है कि फर्जी आईडी पर बॉक्सर का फर्जी पासपोर्ट उसी ने ही बनवाया था। इसने वर्ष 2016 से फर्जी पासपोर्ट बनाना शुरू किया था और अब तक काफी मात्रा में फर्जी पासपोर्ट बना चुका है।

**कानून की कमियां जानने के लिए की एलएलबी की पढ़ाई:** मुरादाबाद के हिंदू कॉलेज से राजनीतिक विज्ञान में एमए करने वाले भूरा दलाल ने पढ़ाई करने वाले कटरा, जम्मू, अमृतसर, बैंगलुरू, सूरत व अन्य जगहों पर माता की चुन्नी सप्लाई करना शुरू किया। रामपुर, यूपी में माता की चुन्नी बनाने की इसके चाचा की यूनिट थी। वर्ष 2014 में पत्नी के गंभीर रूप से बीमार होने के बाद इसने ये काम बंद कर दिया और मुरादाबाद में लिबरा टूर एंड ट्रेवल्स का काम शुरू किया। इस दौरान वह बरेली, यूपी में स्थित रीजनल पासपोर्ट ऑफिस के कार्यालय के बाहर एक एजेंट से मुलाकात हुई।

इसके बाद ये फर्जी आईडी भी बनाने लगे। इन फर्जी आईडी पर फर्जी पासपोर्ट बनाते थे। इस गोरखधंधे को समझने के लिए इसने वर्ष 2016 में एलएलबी में दाखिला लिया था।

# सत्येंद्र जैन की याचिका पर कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

## याचिका के माध्यम से मामले की कार्यवाही को दूसरे न्यायाधीश को सूचीबद्ध करने की मांग की गई थी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली की** राउज एवेन्यू कोर्ट के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश ने सत्येंद्र जैन की याचिका पर ईडी से जवाब मांगा है। याचिका के माध्यम से मामले की कार्यवाही को दूसरे न्यायाधीश को सूचीबद्ध करने की मांग की गई थी। जस्टिस विनय कुमार गुप्ता ने 4 मई, 2023 की बहस के लिए तारीख तय की और ईडी को इससे पहले अपनी जवाब प्रति दाखिल करने को कहा।

**दूसरे कोर्ट में केस ट्रांसफर करने का किया आवदेन:** हालांकि, अदालत ने दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में विशेष न्यायाधीश




विकास ढुल के समक्ष चल रही कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। बता दें कि सत्येंद्र जैन ने हाल ही में कथित भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों की सुनवाई की कार्यवाही को दूसरे न्यायाधीश को स्थानांतरित करने के लिए आवेदन किया है।

**तिहाड़ जेल में बंद है सत्येंद्र जैन:** खास बात है कि मनी लॉन्ड्रिंग के

### आदेश

**= जस्टिस विनय ने 4 मई, की बहस के लिए तारीख तय की और ईडी को इससे पहले अपनी जवाब प्रति दाखिल करने को कहा**

मामले में सत्येंद्र जैन दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। सीबीआई के मामले में सत्येंद्र जैन ने केस को दूसरी अदालत में स्थानांतरित करने के लिए एक अर्जी भी दायर की थी। इस पर प्रधान जिला न्यायाधीश विनय गुप्ता ने सीबीआई द्वारा जांच की जा रही कथित भ्रष्टाचार मामले की कार्यवाही पर चार मई तक रोक लगा दी।

**कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को जमानत देने से किया था इनकार:** इससे पहले विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने ईडी मामले में सत्येंद्र जैन को जमानत देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि सत्येंद्र जैन प्रथम दृष्टया एक करोड़ रुपये से अधिक के मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध में शामिल हैं। साथ ही कोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध एक गंभीर आर्थिक अपराध है और आर्थिक अपराधों के संबंध में भारत के सर्वोच्च न्यायालय का विचार यह है कि वे एक वर्ग को अलग करते हैं और जमानत के मामले में एक अलग दृष्टिकोण के साथ जाने की आवश्यकता है।

# सर्वाइकल स्पाइनल स्टेनोसिस बीमारी का किया निदान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आस्ट्रेलिया** से सर्वाइकल स्पाइनल स्टेनोसिस नामक बीमारी की शिकायत के साथ पंजाबी बाग स्थित सीके बिरला अस्पताल आए मरीज का सफल इलाज किया गया है। मरीज पिछले दो सालों से सर्वाइकल स्पाइनल स्टेनोसिस से पीड़ित था। बिगड़े संतुलन की वजह से वह बैसाखी के बिना 50 कदम भी नहीं चल पाता था। मरीज दाहिने पैर में अत्यधिक दर्द और दोनों पैरों के सुन्न पड़ जाने की शिकायत लेकर अस्पताल आया था। आस्ट्रेलिया में गलत इलाज के कारण उनकी निचली

### ऑपरेशन सफल

**= इस सर्जरी के लिए हीरे की नोंक वाले न्यूरोसर्जिकल बर का उपयोग किया गया ताकि सर्जरी बिल्कुल शुद्ध और सटीक रहे**

स्पाइन में नसें दब गई थी, जिसके कारण चिकित्सकों ने उन्हें लंबर स्पाइन सर्जरी (पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी) कराने का परामर्श दिया गया था। मरीज ने सीके बिरला अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. अश्वनी मैचंद से परामर्श लिया और जांच के बद मरीज को एडवांस रोबोटिक टेक्नोलाजी के साथ एमआइएस (न्यूनतम इन्वेसिव शल्य) तकनीक द्वारा सर्वाइकल स्पाइन सर्जरी कराने का परामर्श दिया गया। इस सर्जरी के लिए हीरे की नोंक वाले न्यूरोसर्जिकल बर का उपयोग किया गया ताकि सर्जरी बिल्कुल शुद्ध और सटीक रहे। डॉ. अश्वनी मैचंद ने कहा कि मरीज का वजन 175 किलोग्राम था, जो ज्यादा होने के कारण यह अत्यधिक जोखिमपूर्ण सर्जरी थी। जिसमें लकवा, आंतों और ब्लेडर पर नियंत्रण खोने और खड़े होने या चलने में असमर्थ होने का खतरा था।

## न्यूज फ्लैश

### रेलवे फाटक के पास मिला युवक का क्षत विक्षत शव

**मथुरा:** थाना गोवर्धन क्षेत्र के गांव नीमगांव रेलवे फाटक के समीप अज्ञात युवक की ट्रेन के चपेट में आने से हुई दर्दनाक मौत |प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह करीब सात बजे ग्रामीण अपने खेतों की तरफ निकले तो देखा नीमगांव रेलवे फाटक के पास एक करीब 35 वर्षीय युवक का शव पड़ा है जिसके शरीर में कई जगह चोट के निशान थे। साथ ही सिर का एक हिस्सा डैमेज था |वही युवक के शव की सूचना रेलवे स्टेशन को दी गयी |तो सूचना पाकर कमलेश मीणा नामक एक कर्मचारी मौके पर पहुंचा जहां शव की शिनाख्त की गई |लेकिन शव की कोई शिनाख्त नहीं हो पाई |वही इस बारे में रेलवे के कर्मचारी कमलेश मीणा ने बताया की गुरुवार की सुबह चार बजे आने वाली मालगाड़ी से टकराकर यह दुर्घटना हो सकती है |वही रेलवे के कर्मचारी द्वारा बताया गया कि घटना को लेकर आला अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गयी है |साथ ही समाचार लिखे जाने तक मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### घर के बाहर से किशोर हुआ लापता

**मथुरा।** थाना जैत के गांव तेहरा में घर के बाहर खेलते बच्चे के गायब हो जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने बच्चे के अपहरण की आशंका जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया है |पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि बीते 10 अप्रैल को दोपहर करीब तीन बजे गांव तेहरा निवासी रामकिशन का दस वर्षीय बेटा गोपाल घर के बाहर खेल रहा था। उसी दौरान अचानक बच्चा गायब हो गया। जब काफी समय तक बच्चा नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस को इत्तिला दी। गोपाल के पिता रामकिशन के अनुसार घटना के बाद से ही उन्हें अज्ञात नंबर से कॉल आ रही है। संभवत उनके बेटे का अपहरण कर लिया है। पीड़ित पिता ने मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### डॉ. अम्बेडकर जयंती पर मादक पदार्थों की दुकानें रहेंगी बंद

**मथुरा।** जिला मजिस्ट्रेट पुलकित खरे ने बताया कि 14 अप्रैल को डा. भीम राव अम्बेडकर जन्म दिवस के अवसर पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से जनपद की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा एवं बीयर की थोक व फुटकर दुकानें, मॉडल शॉप्स, बार एवं भांग की दुकानें पूर्णतः बन्द रखी जाएंगी। इस बन्दी के दिन के लिए अनुज्ञापीगण को कोई प्रतिकर देय नहीं होगा।

### एमटीवी रोडीज 19-कर्म या कांड ऑन-ग्राउंड ऑडिशन के लिए राजधानी नई दिल्ली पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत का पसंदीदा और सबसे बड़ा एडवेंचर रियलिटी शो एमटीवी रोडीज, कर्म या कांड की लड़ाई शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। 19वें सीजन में, एडवेंचर और एड्रेनालाईन रश का पर्याय शो उन उत्साही लोगों की तलाश शुरू करता है, जिनमें कर्म या कांड की लड़ाई से ऊपर उठने की क्षमता है! मेजबान - सोनू सूद और गैंग लीडर्स - प्रिंस नरूला, गौतम गुलाटी और रिया चक्रवर्ती के साथ, जो दिलचस्प यात्रा के लिए अपने चुने हुए लोगों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए आगे बढ़ेंगे, एमटीवी रोडीज ने 15 अप्रैल को नई दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में ऑडिशन गेट खोले।

अगर आपको लगता है कि आपमें कर्म या कांड की लड़ाई के लिए खड़े होने की क्षमता है, तो इस रोलर कोस्टर राइड में शामिल हों

### विवेकानंद शाश्वत शिखर सम्मेलन 2023 में लाइफटाइम अचीवमेंट को सम्मान के साथ नवाचार को मिली मान्यता



**नई दिल्ली।** को विवेकानंद यूथ कनेक्ट के द्वारा विवेकानंद शाश्वत( सस्टेनेबलिटी) शिखर सम्मेलन 2023 के दूसरे संसकरण का आयोजन 12 अप्रैल को नई दिल्ली डॉक्टर अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में किया गया। इस सम्मेलन में माननीय श्री नितिन गडकरी ( सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार), श्री चिन्मयानंद सरस्वती, डॉ. लोकेश मुनि, और केंद्र सरकार और दुनिया भर के उद्योगों के उच्च पदस्थ अधिकारियों, सामाजिक संगठन और स्टार्ट-अप लॉन्च करने वाले उद्यमियों, विशेषज्ञों सहित विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती को सतत विकास में योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस शिखर सम्मेलन में केन्द्रीय सड़क परिवरण एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा कि ह्लविवेकानेद जी हमारे आइकॉन हैं। उन्होंने एक बार अपनी भविष्यवाणी में कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी जो कई मायमों में सच साबित होती नजर आ रही है। समग्र विकास के लिये हमें इथिक्स, इकॉनॉमी और इनवायरमेंट पर काम करना होगा। इथिक्स के लिये विवेकानंद जी हमारे आइकॉन हैं, जिनके सुझाए रास्ते पर हमें चलना होगा, वहीं हमारी इकॉनॉमी बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। हम अपने विभिन्न प्रयासों और पहलों से अपने निर्यात को बढ़ा रहे है, और आयात कम कर रहे हैं। गडकरी ने आगे कहा कि इकॉलॉजी और इनवायरमेंट के क्षेत्र में काम करते हुए हम वेस्ट टू वेल्थ के लिये कई परियोजनाएं लेकर आ रहे हैं, जिससे कचरे एवं पराली को समृद्धि में बदला जा सके।

# अच्छी हट: 'इन्हें तो जिद हैं कबाड़ बीनते हाथों में किताब थमाने की'

## एक बच्चे के कंधे पर कबाड़, दूसरे के कंधे पर किताब मजूर नहीं: सतीश

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**

जिद्दी होना ठीक नहीं माना जाता, लेकिन यह जिद अच्छी है। इन्हें जिद है कबाड़ बीनने वाले मासूम हाथों में किताब थमाने की। जिद ऐसी कि स्ट्रीट चिल्ड्रेन की जिंदगी में शिक्षा का उजियारा लाने के लिए अपने जीवन के कई सुनहरे अवसर भी जाया कर दिये। कान्हा की नगरी के तमाम चमकीले पहलुओं की ओट में कई ऐस स्याह सच भी हैं जिनकी ओर शायद ही किसी का



ध्यान जाता है। जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल के संस्थापक सतीश शर्मा का ध्यान इनमें से एक पहलू की ओर गया और उन्होंने पढ़ाई लिखाई शुरू करने की उम्र में किताब थामने की जगह कबाड़ बीनने वाले हाथों को थामने की ठान ली। इन बच्चों के लिए वर्ष 2008 में सतीश शर्मा ने जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल की शुरूआत की और इसमें 25 बच्चों को शामिल किया। गुरुवार को जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल ने जब अपना 15 वां स्थापना दिवस मनाया तो स्ट्रीट स्कूल में ऐसे बच्चों की संख्या 300 पार थी जो कबाड़ बीनने का काम छोडकर किताब थामे हुए थे। स्ट्रीट स्कूल के संस्थापक सतीश चंद्र शर्मा कहते हैं कहा कि एक ही उम्र के दो बच्चों में एक के कंधों पर कबाड़ और दूसरे के कंधों पर किताब के थैले ने मुझे झकझोर कर रख दिया था। 12 अप्रैल 2008 में नवादा स्थिति झुग्गी झोपड़ियों से 25 बच्चों से शुरू हुआ। जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा का अभियान आज तीन सेंटरों के माध्यम से लगभग 300 बच्चों को शिक्षा दे रहा है। जिन्हें जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निशुल्क शिक्षा केंद्रों पन्ना पोखर गोपाल नगर एवं लाजपत नगर सेंटर के माध्यम से जोड़ने का कार्य सामाजिक सहयोग एवं 15 वॉलंटर्स के साथ निःशुल्क रूप से किया जा रहा है। इन बच्चों को शिक्षा संस्कार एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

## प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

जी टी रोड चोखी ढाणी के पीछे स्थित प्रयास इंटरनैशनल स्कूल के में बैसाखी पर्व का धूमधाम से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया। मंच संचालन दीक्षा व पूर्णिमा ने किया। छात्र- छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी उपस्थिति का मन मोह लिया। विद्यालय के सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं ने मंच पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। स्कूल के रजिस्ट्रार डा. मनोज,प्रधानाचार्य कृष्ण मलिक,मुख्याध्यापिका नीता लूथरा, वरिष्ठ समन्वयक डा. अभिलाषा ने बैसाखी के बारे में छात्रों को अवगत करवाया। विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास में सहायक क्रियाकलापों के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## छात्राओं ने पंजाबी गिद्दा पर खूबसूरती के साथ अपनी प्रस्तुति दी



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में बैसाखी व डा. भीम राव अंबेडकर जयंती मनाई गई। जिसमें कक्षा आठवीं और नौवीं के छात्र और छात्राओं ने भाग लिया। विशेष प्रार्थना सभा बुलाकर छात्रों ने बैसाखी ,डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवन शैली से संबधित कविता, लघु नाटिका, नृत्य, प्रश्नोत्तरी, भिन्न-भिन्न कहानियां सुनाई। बैसाखी के पर्व पर छात्र और छात्राओं ने पंजाबी गिद्दा और उनकी पोशाकों को धारण कर बेहद खूबसूरती के साथ अपनी प्रस्तुति देते हुए सभी को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने गडॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को पुष्पांजलि देते हुए बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डा.भीमराव अंबेडकर हमारे देश के संविधान के निर्माता है।

## बलदेव विधायक ने किया श्री मान सिंह बाबा इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन

**मथुरा।** देश के हर माता पिता चाहते हैं कि हमारा बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़े अच्छे संस्कार मिले पढ़ लिखकर अच्छी नौकरी लगाए व अपने माता पिता व परिवार का नाम रोशन करें.देश में शिक्षा का अभाव देखते हुए सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के नाम पर खानापूर्ति होती दिखाई देती है जहां पांच वी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे हिंदी की किताब भी नहीं पढ़ पाते हैं और आगे जाकर के उन्हें उच्च स्तर की पढ़ाई पढ़ने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शिक्षा के अभाव को देखते हुए रिफाइनरी के निकट ग्राम थाना तेजा निवासी दीपचंद सिंह कुंतल ने बरारी ऑल वेरी रास्ते पर अपने क्षेत्र में शिक्षा में कमजोर रह रहे बच्चों की वजह से अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई बोर्ड से संबंधित श्री मान सिंह बाबा इंटरनेशनल स्कूल का एक से आठवीं कक्षा तक का निर्माण किया।

## पीयूष यादव को जेपीडीएवी स्कूल ने अपने छात्र को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

जयंती प्रसाद डीएवी पब्लिक स्कूल में बैसाखी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने समूह गान, नृत्य, भाषण, कविता व भंगड़ा इत्यादि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांधा।

विद्यालय के छात्र अहीर माजरा गांव निवासी पीयूष यादव ने आईआईटी मैंस में 99.37 में प्राप्त कर गन्नौर खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश ने छात्र पीयूष व उनके अभिभावकों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेकर जीवन में



आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आगामी योजनाओं की घोषणा की। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रंगोत्सव संस्था द्वारा आयोजित रंगोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया और जिसके अंतर्गत सौरभ अमेजिंग यूथ आर्टिस्ट अवार्ड और तनु और रिधिक ने स्पेक्टाकुलर परफॉर्मेंस अवार्ड प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया।

## बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज में मनाया गया स्ट्रीट चिल्ड्रन डे

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

इंटरनेशनल स्ट्रीट चिल्ड्रन डे बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में मनाया गया। इस अवसर पर जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निशुल्क शिक्षा केंद्र मथुरा ने अपना 15 वां स्थापना दिवस भी मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं गणेश वंदना से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार शर्मा मुन्ना ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा वर्ष 2008 से लगातार झुग्गी झोपड़ियों में शिक्षा का अलख जगा कर सैकड़ों बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि पूर्व एआरटीओ ओम प्रकाश राजपूत,



गजेंद्र शर्मा एवं डॉ.अशोक अग्रवाल ने सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा संचालित जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र मथुरा परिवार द्वारा झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले शिक्षा से वंचित सैकड़ों बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए समाज के सक्षम लोगों से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की ताकि इन बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके। संस्था के बच्चों की हर जरूरत पूरी हो इस लिए चरण पादुका अभियान निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर खिलौना बैंक डांस एवं जूडो कराटे आदि का प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक भ्रमण आदि की व्यवस्था भी जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी द्वारा की जाती है। अपने शिक्षक पिता कैलाश चंद्र रावत इनके प्रेरणा स्रोत है।

जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी का सपना शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय एवं स्कूल ऑन व्हील्स है ताकि कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। बच्चों के नाटक नृत्य एवं गीत संगीत के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर समाजसेवियों को ब्रज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों को पटुका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बच्चों को प्रमाण पत्र मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र के वालंटियर्स को निशुल्क सेवा प्रदान करने के तन्नू चौहान प्रीति राजपूत भारती राजपूत कुमकुम निशा सीमा शर्मा गौरी राजपूत रेखा विकास शर्मा पुष्पा देवी नरेंद्र कुमार कु झलक आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी में उद्घोषक विजता चतुर्वेदी द्वारा किया। कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चे एवं अतिथि गण उपस्थित रहे।

## मुरलीधर डीएवी स्कूल में वैसाखी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

डीएवी सीनियर सेकंडरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे वैसाखी का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया कविद्यालय के जूनियर विंग मे इस पर्व का आरम्भ हवन द्वारा किया गया क तत्पश्चात नन्हे बच्चो द्वारा पंजाबी गानो पर सामूहिक नृत्य व एकल नृत्य प्रस्तुत किया क छात्रों द्वारा भंगड़ा व छात्राओं द्वारा गिद्दे की प्रस्तुति की गई ककक्षा तीसरी व चौथी के छात्रों ने पंजाबी नृत्य एकल प्रतियोगिता मे भाग लिया व पंजाबी वेशभूषा मे बहुत सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किये कउनकी प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा ककक्षा तीसरी से हषार्ली, श्रीधा, यशिका, मानसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व चौथी कक्षा मे भार्गव, पर्वी, गीतांजलि व जसमीत प्रथम रही। विद्यालय के सीनियर विंग मे काशवी द्वारा वैसाखी पर्व पर भाषण दिया गया व नंदिता द्वारा कविता प्रस्तुत की गई कछात्रों द्वारा पंजाबी वेशभूषा मे भार्गव, गीतांजलि व अनन्या ने वैसाखी पर नृत्य प्रस्तुत किये। यह कार्यक्रम हैरिटेज क्लब द्वारा करवाया गया कजिनकी इंचार्ज श्रीमती पूनम बरेजा व श्रीमती हरजीत कौर है कविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी ने नन्हे छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की व छात्रों को वैसाखी के त्यौहार की बहुत-बहुत बधाइयां देते हुए वैसाखी पर्व का महत्व बताया कि हमारे देश के किसान जो हमारे लिए अन्न उगाते है उनके लिए आज के दिन का विशेष महत्व है कइस दिन फसलों की कटाई शुरू की जाती है।

## ई रिक्शा चालक के विरोध करने पर बदमाशों ने मारी गोली

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**धर्म नगरी वृंदावन** में बीती रात को परिक्रमा कर रही श्रद्धालु महिलाओं के साथ बाइक सवार युवकों द्वारा लूटपाट किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इतना ही नहीं बेखौफ लुटेरों ने लूट का विरोध कर रहे ई रिक्शा चालक को गोली मार दी। जिसे गंभीर अवस्था में आगरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार इंदौर की रहने वाली समीक्षा विशानी अपनी साथी मंजू माहेश्वरी, शालिनी डोडिया और कजा माहेश्वरी रमणरेती स्थित एक गेस्ट हाउस में दो दिन से ठहरी हुई थी |बीती रात चारों महिलाएं ई रिक्शा से वृंदावन की परिक्रमा करने निकली। उसी दौरान चीरघाट से निधिवन मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों ने सुनसान इलाके का फायदा उठाकर ई रिक्शा को रोक लिया और तमंचे का भय दिखाकर पर्स छीना लिया।

## एमजेएफ के जन्मदिवस पर दिव्यांगजनों को दी व्हीलचेयर

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

समाज सेवी संस्था लायंस क्लब गन्नौर गौरव ने वीरवार को क्लब के एमजेएफ लायंन हरीश वाधवा के जन्मदिवस के उपलक्ष में दो दिव्यांग जरूरतमंद बच्चों को व्हीलचेयर देने के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए ठंडे पानी के लिए दो कैंपर व दो पंखे देकर लोगों के बीच जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर क्लब कि प्रधान शालू वाधवा ने बताया कि उनके क्लब का मुख्य उद्देश्य गरीब जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा करना है शालू वाधवा ने बताया कि आज वीरवार को क्लब के एमजेफ हरीश वाधवा के जन्मदिवस पर दो नन्हे दिव्यांग



बच्चों को व्हीलचेयर व आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के लिए पानी के कैम्पर व छत के पंखे दिए गए है । उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी वह उनका क्लब गरीब लोगों के बीच में जाकर अपने सदस्यों का जन्मदिन मनाकर जरूरतमंदों की सहायता करता रहा है। शालू ने बताया कि पिछले दिनों लायन अंकित मल्होत्रा के जन्मदिवस पर सरकारी स्कूल में बच्चों के बीच जन्मदिन मनाकर उनको दोपहर का भोजन देने का काम किया था । उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी क्लब द्वारा 15 होनहार छात्राओं को साइकिल व जूते जुराब लेकर सर्दी के मौसम में सहायता करते रहे हैं। शालू वाधवा ने समाज के सम्पन्न लोगों का आह्वान किया कि वे भी अपनी कमाई का कुछ हिस्सा गरीबों जरूरतमंदों के बीच में जाकर उनकी सहायता के रूप में प्रदान करें, न की फाइव स्टार होटलों में लाखों रुपए खर्च करके जन्मदिन मनाने में व्यर्थ करें । इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन रुचिका बत्रा ,भावना जग्या,डिम्पल मल्होत्रा,ममता चांदना,अंकित मल्होत्रा व अनुराधा गौतम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## टैंकरों से तेल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**सीआईए** टू टीम ने रिफाइनरी रोड पर टैंकरों से तेल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के 4 आरोपियों को रंगे हाथों काबू करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है । आरोपी रिफाइनरी से तेल लेकर जाने वाले टैंकरों के चालकों से मिलीभगत कर टैंकर से तेल चोरी का अवैध धंधा करते थे।

सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा अपराधिक वारदातों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है । अभियान के तहत सीआईए टू की



टीम बुधवार को गश्त के दौरान पेप्सी पुल के पास मौजूद थी । टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की रिफाइनरी से पेप्सी रोड पर दुकानों के पीछे प्लाट में 4-5 युवक रिफाइनरी से टैंकरों में तेल लेकर जाने वाले ड्राइवरों के साथ मिली भगत कर टैंकरों के लॉक को अपने पास बनाई हुई चाबीयों से खोलकर तेल चोरी कर रहे है । पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानकर उच्च अधिकारियों के संज्ञान में उक्त मामला लाकर मौके पर दबिश दी तो दुकानों के पीछे प्लाट में 4 युवक एक टैंकर का ढ़क्कन खोलकर तेल निकाल रहे थे । पुलिस टीम ने चारों आरोपियों को काबू कर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपनी पहचान जयभगवान पुत्र गंगादत्त वासी शहजानपुर करनाल, मैनपाल पुत्र जनारधन वासी ददलाना, मनोज पुत्र बृजपाल वासी बराला कैराना यूपी व वकील पासवान पुत्र ध्यानी पासवान निवासी चक्का पीर दरभंगा बिहार हाल नीलोखेड़ी करनाल के रूप में बताई । मौके पर आरोपियों के कब्जे से एक टैंकर, तेल से भरे 4 ड्रम (800 लीटर तेल) , 10 ड्रम खाली, कैन में 20 लीटर डीजल, एक माप, एक कुप्पी, 3 पाइप व एक कटा हुआ ड्रम व एक बाल्टी बरामद हुई । इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि प्रारंम्भिक पूछताछ में आरोपियों से खुलासा हुआ गिरोह का मास्टर माइंड गिरफ्तार आरोपी जयभगवान है । आरोपी जयभगवान ने पूछताछ में बताया वह टैंकरों के ड्राइवरों और कंडक्टरों से संपर्क करता और उनकों 50 रूपए लीटर तेल खरीदने का प्रलोभन देता था । चालक रिफाइनरी से टैंकर निकालकर पैट्रोल पंप पर जाने से पहले रिफाइनरी रोड पर दुकानों के पीछे उसके पास प्लाट पर पहुंच जाते थे । और तेल चोरी के अवैध धंधे में आरोपी मैनपाल उसका बराबर का हिस्सेदार है । वंही आरोपी मनोज दोनों आरोपियों से चोरी का तेल खरीदकर यूपी ले जाकर बेचता है।

## हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया

**8 स्कूल निदेशक संजय नागपाल ने गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा। स्कूल निदेशक संजय नागपाल ने गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।




स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई इसमें बच्चों ने भांगड़ा देखते ही बनता था । विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य उषा मलिक ने कहा कि बैसाखी के त्योहार को खुशहाली और समृद्धि का पर्व माना जाता है। इस दिन लोग अनाज की पूजा करते हैं और फसल के कटकर घर आ जाने की खुशी में भगवान और प्रकृति को धन्यवाद करते हैं। इस अवसर पर स्कूल की चेयरमैन रीटा नागपाल,निदेशक सुनील नागपाल ने भी बच्चों को सम्बोधित करते हुए बैशाखी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सभी स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# पीकेआर जैन कॉलेज में वैसाखी पर हस्तशिल्प प्रतियोगिता आयोजित

## प्रतियोगिता के लिए छात्रों को पपेट, वूल वर्क, इम्ब्रायडरी व पेपर मेशे में से किसी एक गतिविधि का चयन करना था।

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पी.के.आर. जैन (पी.जी.) कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वैसाखी के अवसर पर भारतीय हस्त शिल्प प्रतियोगिता का आयोजन गतिविधि प्रभारी डॉ. अपनप्रीत जस्सर द्वारा करवाया गया। जिसमें बी.एड. एवं एम. एड. के सभी छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए छात्रों को पपेट, वूल वर्क, इम्ब्रायडरी व पेपर मेशे में से किसी एक गतिविधि का चयन करना था। उन्होंने अपनी चयनित श्रेणी में बहुत ही आकर्षक नमूने बनाकर अपनी कला का बेहतरहीन प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल की भूमिका सहायक प्रो. डॉ. लवलीन व रूबल ने निभाई। उन्होंने निष्पक्ष निर्णय देते हुए पपेट और पेपर मेशे में से अनीता को प्रथम, पूजा यादव व चेतन धीमान को द्वितीय, खुश्बू को तृतीय स्थान तथा मोनिका को सांत्वना पुरस्कार दिया। वूल वर्क एवं इम्ब्रायडरी में शिवानी को प्रथम, निष्ठा व रूपाली को द्वितीय, नंदिनी व आंचल को तृतीय स्थान तथा कुलविंदर को सांत्वना पुरस्कार दिया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबन्धक समिति के प्रधान धर्मपाल जैन, सचिव संजीव जैन, सह-सचिव आशीष जैन, कैशियर पंकज जैन, कॉलेज कन्वीनर दीपक जैन, व पुनीत जैन (पुनीत पैकर्स) ने संयुक्त वक्तव्य में अन्नदाता की खुशहाली और समृद्धि के पर्व वैसाखी पर सभी को ढ़ेर सारी की शुभकामनाएं दी। कॉलेज प्राचार्या डा. मुदिता भटनागर ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना की तथा विजेताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।




# के पी ए के महाविद्यालय में मनाया गया बैसाखी पर्व और अंबेडकर जयंती



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** के.पी.ए.के. महाविद्यालय में प्रधानाचार्या रेखा गोयल भागी की अध्यक्षता में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, कविताएं आदि प्रस्तुत किए। अंबेडकर जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन में भाग लिया। विद्यार्थियों ने अंबेडकर जी की महानता को स्पष्ट करते हुए कविताएं भी सुनाई। विद्यालय के चेयरमैन अनिल गुप्ता व मैनेजर डॉ० विकास कोहली ने सभी को बैसाखी पर्व और भीमराव अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा गोयल भागी ने बैसाखी पर्व व अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बैसाखी पर्व सुख, समृद्धि का सूचक है।श्री भीमराव अम्बेडकर स्वतंत्र भारत के समाज सुधारक थे। उन्होंने भारत में सामाजिक असमानता,जाति व्यवस्था को पूरी तरह से समाप्त करने में योगदान दिया।

# 12.60 ग्राम स्मैक सहित एक आरोपी गिरफ्तार



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। थाना इन्द्री** की टीम द्वारा एक आरोपी को प्रतिबंधित मादक पदार्थ स्मैक सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी के कब्जे से 12.60 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।
इस संबंध में थाना इन्द्री की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नई अनाज मण्डी बाईपास के पास से नाकेबंदी के दौरान आरोपी चन्द्रभान उर्फ भाना पुत्र प्रीतु राम वासी गढीगुजरान को काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी द्वारा पहनी हुई पेंट की जेब से एक पोलीथीन में से 12.60 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना इन्द्री में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह स्मैक का नशा करने का आदी है और स्मैक बेचने का भी काम करता है। आरोपी ने बताया कि वह उपरोक्त स्मैक को यमुना पार से उत्तर प्रदेश की सीमा से एक व्यक्ति से पांच हजार रुपए में खरीदकर लाया था। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### जिले में गुरूवार को मिले कोरोना से संक्रमित 32 पोजिटिव केस: उपायुक्त सिवाच

**पानीपत:** स्थानीय आई.बी.पीजी महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग एन.एस.एस. एन.सी.सी. एवं संस्कारशाला क्लब के द्वारा जलियांवाला बाग हत्याकांड की बरसी के तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग जी के द्वारा की गई । तत्पश्चात एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों ने अनेक जगह पर पौधे लगाए । कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड की घटना 13 अप्रैल 1919 में अमृतसर में हुई जिसमें अनेक निर्दोष लोग ब्रिटिश की गोली से मारे गए, अनेक लोग उनकी गोलियों से बचने के लिए कुएं में कूद पड़े, बहुत से लोग इस घटना में शहीद हुए । उन्ही शहीदों को नमन करने के लिए यह दिन बरसी के रूप में मनाया जाता है । शारीरिक शिक्षा विभाग एवं एनसीसी के संयोजक लेफ्टिनेंट राजेश कुमार ने कहा कि यह दिवस काले दिवस के रूप में जाना जाता है, क्योंकि इस दिन बहुत से बेगुनाह लोगों की हत्या कर दी गई थी । इसलिए भारतीय इतिहास में यह एक कलंकित घटना है। एनएसएस संयोजक डॉ जोगेश ने कहा कि अमृतसर के जलियांवाला बाग में जब एक भीड़ शांतिपूर्ण तरीके से इकट्ठे हुई थी तो ब्रिटिश सरकार ने उन पर अचानक से गोली बारी कर दी थी। इसलिए यह घटना भारतीय इतिहास में जलियांवाला बाग हत्याकांड के नाम से जानी जाती है । संस्कारशाला क्लब के संयोजक प्रोफेसर अश्विनी गुप्ता ने कहा कि हमें उन शहीदों को नमन करने के लिए अनेक अच्छे कार्य करने चाहिए।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं.: 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं.: 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं.: 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं.: 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं.: 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं.: 98117 14343)

# आर्य बाल भारती में श्रद्धा के साथ बैसाखी का त्यौहार मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
आर्य बाल भारती परिसर में पूरी श्रद्धा के साथ बैसाखी का त्यौहार मनाया गया । इस समारोह की अध्यक्षता प्रबंधक समिति के प्रधान आर्य रणदीप सिंह कादियान ने की,प्राचार्य सतयवान मलिक, प्रबंधक राजेंद्र जागलान, कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक , रेखा शर्मा और डॉक्टर कान्ता चहल ने भी वैशाखी पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंच संचालन उप प्राचार्य राजकुमार शास्त्री ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए स्कूल प्रबंधक समिति के प्रधान रणदीप कादियान ने कहा कि यह देश उन सभी स्वतंत्र सेनानियों और बलिदानियों का हमेशा ऋणी रहेगा जिन्होंने देश को आजाद करवाने में अपने प्राणों की आहुति दी।

# सूर्य ऊर्जा और शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है: दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने फव्वारा पार्क योग कक्षा में ऑनलाइन व ऑफलाइन सभी साधकों से सवा लाख सूर्य नमस्कार के अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मिशन के साथ जुडकर प्रतिदिन सूर्य नमस्कार का अभ्यास करें और स्वयं भी स्वस्थ रहकर परिवार और देश को स्वस्थ रहने की रखने के मिशन को कामयाब बनाएं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल और आयुष विभाग से डॉ.अमित पुंज के मार्गदर्शन में मिशन के सभी कक्षा में सूर्य नमस्कार का अभ्यास जारी है। कक्षा में शिक्षिका निधि गुप्ता ने साधकों को योग करने की विधि समझाई। दिनेश गुलाटी ने बताया कि सूर्य नमस्कार से शरीर को गजब के फायदे मिलते हैं। शरीर के बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष तौर से फायदेमंद है। जीवन देने वाली ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ कई तरह की शारीरिक और मानसिक परेशानी को दूर करने में यह अभ्यास विशेष लाभदायक है। उन्होंने कहा कि अध्यात्म के अनुसार सूर्य ऊर्जा और शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे में इस योग का अभ्यास आपको कई तरह से लाभान्वित कर सकता है। सूर्य नमस्कार करने का सबसे अच्छा समय सूर्योदय से पहले का होता है। यह शारीरिक और मानसिक शक्ति को बढ़ाने के साथ शरीर पर बेहतर नियंत्रण बनाने, मन को शांति देने, संतुलित ऊर्जा और आंतरिक शांति प्रदान करने में मददगार है। यानी योग एक और लाभ अनेक। योग साधकों में रमा चटानी, बब्बल नरवाल, परवीन, मीनू सुखीजा, विशाखा, शैलजा, रिंकी, पूजा, निर्मला, वीना गेरा, बबीता, नीलम शर्मा, सोनिया, रजनी, शिखा, रुचि, सुरिंदर भूटानी, राहुल गेरा, रमेश चावला, विकास, अनुज जैन, परवीन, विनीत कक्षा में उपस्थित रहे ।

# किड्स पैराडाइज स्कूल का नए शैक्षणिक स्तर पर स्थापना दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। शास्त्री** नगर स्थित किड्स पैराडाइज स्कूल का नए शैक्षणिक स्तर पर स्थापना दिवस मनाया गया। स्कूल के छात्र- छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल के चेयरमैन अशोक वर्मा व मुख्याध्यापिका महक धनखड़ ने आयोजित हवन- यज्ञ में आहुति डालकर छात्रों ने नए शैक्षिणिक स्तर की शुभकामनाएं दी। निदेशक अशोक वर्मा ने बताया कि स्कूल में छात्रों को शुरूआत से ही शिक्षा के साथ संस्कार दिए जाते है। आज के दौर में छात्रों को संस्कार देना बहुत जरूरी है। बिना संस्कारों के समाज का उत्थान नही हो सकता। उन्होंने कहा कि स्कूल के शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है कि स्कूल ने शिक्ष के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। मुख्याध्यापिका महक धनखड़ ने शिक्षकों को संदेश दिया बिना स्टाफ के सहयोग के कोई भी संस्था आगे नही बढ़ सकती है।

# गुरूवार को मिले कोरोना से संक्रमित 32 पोजिटिव केस: उपायुक्त

**सोनीपत: उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि गुरूवार को जिला में कोरोना से संक्रमित 32 नए पोजिटिव केस मिले हैं और 06 मरीज को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60035 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 671 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है।

# गोली मारने के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला पुलिस ने 28 मार्च को कस्बा निसिंग में टूर एण्ड ट्रैवल के दुकान मालिक बलबीर सिंह पुत्र सुबेग सिंह वासी रणजीत नगर थाना निसिंग को गोली मारने के मामले में तीसरे आरोपी विरेन्द्र सिंह उर्फ लाडी पुत्र कुलविन्द्र सिंह वासी सफीदो जिला जींद को काबू किया है। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल दूसरी मोटरसाइकिल व एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी वींरेंद्र सिंह उर्फ लाड़ी ने वारदात से दो-तीन दिन पहले अन्य आरोपियों को उक्त दुकान दिखाई थी। जिसके बाद आरोपी वारदात को अंजाम दे पाए थे। इसके बाद टीम द्वारा कल आरोपी विरेन्द्र सिंह उर्फ लाडी को सफीदों से काबू किया था। इस वारदात के संदर्भ में पुलिस टीम ने 9 अप्रैल को दो आरोपियों अमनप्रीत गिल उर्फ प्रधान पुत्र तरसेम सिंह वासी गीता कालोनी असंध व हर्षदीप सिंह उर्फ अमन पुत्र जसबीर सिंह वासी रूकडी जिला अंबाला को गिरफ्तार किया था और आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल एक पल्सर मोटरसाइकिल, एक अवैध देशी पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन बरामद किए गए थे। आरोपियों को अदालत में पेश करके तीन दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया था। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि विदेश में बैठे आरोपी दलजीत उर्फ बब्बर उर्फ बाबू वासी बाल छप्पर जिला यमुनानगर आरोपी विरेन्द्र का दोस्त है। आरोपी दलजीत ने ही आरोपी विरेन्द्र को उपरोक्त दोनों आरोपियों को दुकान दिखाने के लिए फोन किया था, जिस पर आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इसके अलावा पूर्व गिरफ्तार आरोपी हर्षदीप व अमनप्रीत के कब्जे से रिमाण्ड अवधि के दौरान दो अवैध पिस्तौल, छह जिंदा कारतूस व आठ हजार रुपए की नकदी बरामद की गई है।

# सांग की मनमोहन प्रस्तुतियों ने बांधा समां



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। गुरुनानक** खालसा कॉलेज द्वारा युवा कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा गांव शामगढ़ में दूसरे दिन एसडी कन्या महाविद्यालय नरवाना की छात्राओं ने भक्त पूरणमल सांग का अभूतपूर्व आयोजन किया गया। सांग की विभिन्न मार्मिक एवं सुरीली अभूतपूर्व आयोजन किया गया। सांग की विभिन्न मार्मिक एवं सुरीली रागनियों से सभी ग्रामीणों को भाव विभोर कर दिया।
सभी दर्शकों ने कहा कि छात्राओं ने इतना सुंदर एवं संगीतमय, नृत्यमय प्रस्तुति उन्होंने अभी तक नहीं देखी। इसके लिए गुरु नानक खालसा कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिंद्र सिंह तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा सांस्कृतिक निदेशक डा. महासिंह पूनिया का ग्रामीणों ने आभार जताया एवं बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खालसा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं प्रबुद्ध व्याख्याता डा. मेजर सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में केवीए डीएवी कॉलेज करनाल की प्राचार्या डा. मीनू शर्मा रहे।
मुख्य अतिथि डा. मेजर सिंह ने कहा कि उनकी पूज्य माता उनको बचपन में भक्त पूर्ण की कथा सुनाया करती थी। आज वह यादें ताजा हो गई। उन्होंने हरियाणा के प्रसिद्ध सांगी पंडित लख्मीचंद, अहमद बक्ष नाथेसरी, मांगे राम, बाजे भगत, दीपचंद, किशनलाल भाट इत्यादि सांगियों के योगदान पर भी प्रकाश डाला।
विशिष्ट अतिथि डा. मीनू शर्मा ने कहा कि हरियाणवीं विद्या एवं संस्कृति की अपनी पहचान है और इसके लेखन और संगीत में बहुत गहराइर्य है। कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिंद्र सिंह ने सभी मेहमानों का स्वागत किया और कहा कि कॉलेज निरंतर सांस्कृति गतिविधियों में नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# कटे-टूटे गेहूं की भरपाई करेगी सरकार, मांगे मानी



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
गेंहू की खरीद को लेकर कई दिनों से किसान धरना प्रदर्शन कर रहे है। लेकिन आज सरकार ने किसानों की सभी मांगे मान ली है। जिसके चलते किसानों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार की तरफ से 2 दिन पहले एक नोटिफिकेशन जारी किया गया था, जिसमें यह नियम शामिल था कि एमएसपी पर खरीदी जाने वाली गेंहू की फसल में अगर कट, पॉलिश और नमी पाई जाएगी तो प्रति क्विंटल 16 रुपए से लेकर 32 रुपए तक की कटौती की जाएगी। नोटीफिकेशन जारी किए जाने के बाद से ही किसानों ने इसका खुलकर विरोध किया था. इसमें भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों ने भी अपना समर्थन जताया था।

# जमीनी विवाद के कार अपने चाचा की हत्या करने वाला आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया थाना** इन्द्री की टीम द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है, जिसने 10 अप्रैल की शाम को उमरपुर के रहने वाले अपने सगे चाचा की जमीनी विवाद के चलते बेरहमी से हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल एक गाड़ी व हत्या करने में प्रयुक्त हथियार बरामद किए हैं। इस संबंध में 10 अप्रैल को ही मृतक रामेश्वर उर्फ रमेश पुत्र मातीराम वासी उमरपुर जिला करनाल की पत्नी निर्मला देवी ने थाना इन्द्री में एक शिकायत देते हुए बताया कि उसका पति रामेश्वर 10 अप्रैल को शाम के समय इन्द्री से दवाई लाने की कहकर घर से मोटरसाईकिल लेकर गया था, जो देर रात तक भी घर नहीं लौटा। जिसकी काफी तलाश भी की गई। इस शिकायत में शिकायतकर्ता ने दो व्यक्ति बिंटू व रिंकू वासी गुडगाव द्वारा उसके पति को गायब करने का संदेह भी जाहिर किया था। इस संबंध में थाना इन्द्री में 11 अप्रैल को भादसं की धारा-346 के तहत मामला दर्ज किया गया।
तफ्तीश के दौरान 11 अप्रैल को सुबह के समय मृतक रामेश्वर उर्फ रमेश का शव गांव खेडा से आगे गढ़ीबीरबल सडक पर एक गड्डे में मोटरसाइकिल सहित पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई। शव को कब्जे में लेकर डाक्टरों के बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। जो पोस्टमार्टम में किसी तेजधार हथियार से काफी चोटें लगनी तहरीर हुई। इसके बाद मामले में हत्या करने की धारा जोडकर मामले की तफ्तीश शुरू की गई। मामले की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए मामले में थाना इंद्री व उनकी सहयोगी टीम द्वारा मुख्य आरोपी बिंटू उर्फ सूरज पुत्र मानसिंह वासी अशोक विहार नजदीक सेक्टर-5 गुडगांव को 12 अप्रैल को विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर गुडगांव से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कल अदालत करके दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। आरोपी से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि मृतक रामेश्वर उर्फ रमेश आरोपी बिंटू का सगा चाचा है।

# नेशन फर्स्ट फाउंडेशन ने लगाया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

## बादली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र यादव द्वारा बादली विधानसभा को नेत्र जांच एम्बुलेंस सेवा की गई समर्पित







### नेशन फर्स्ट फाउंडेशन10 वर्षों से लगातार कर रही हैं जनकल्याण का काम: देवेंद्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक, स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य व उत्तराखंड के प्रभारी, दिल्ली के वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने अपनी सामाजिक संस्था नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के द्वारा स्वास्थ्य जांच, नेत्र जांच एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया है। इस एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से एक हजार से ज्यादा लोगों ने स्वास्थ्य एवं आंखों का चेकअप करवाया।

इस अभियान का शुभारंभ राधा कृष्ण मंदिर, करनाल बाईपास, दिल्ली में हुआ। जिसमें एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जांच शिविर निरंतर लगते रहेंगे। फोर्टिस जैसे प्रतिष्ठित अस्पताल के सहयोग से यह अभियान शुरू किया है और यह नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में निरंतर चलेगा। इस मौके पर देवेंद्र यादव का कहना है कि नेशन फर्स्ट फाउंडेशन की स्थापना सिर्फ और सिर्फ जन सेवा के उद्देश्य से की गई है और इसी उद्देश्य के साथ नेशन फर्स्ट फाउंडेशन बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों की सेवा के लिए कार्य कर रही है। जिसमें चौधरी न्यादर सिंह खेल प्रतियोगिता के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ नई-नई प्रतिभाओं को मंच देने का काम किया है, वहीं बच्चों को छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन योजना के माध्यम से स्कूटी, लैपटॉप, मोबाइल, टैब देने के साथ-साथ स्कॉलरशिप देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह, पर्यावरण की रक्षा के लिए कई पौधारोपण कार्यक्रम, महिलाओं के लिए 'नो पेन' कार्यक्रम, कई जरूरतमंद गरीबों का अस्पताल में इलाज के साथ-साथ स्वास्थ्य जांच और नेत्र जांच के लिए मेडिकल कैंप भी नेशन फर्स्ट फाउंडेशन द्वारा लगाए गए हैं। नेशन फर्स्ट फाउंडेशन ने "गिफ्ट अ ट्री- गिफ्ट आ लाइफ" मुहिम के तहत किसी के जन्मदिन या किसी खास समारोह पर फूल ना देकर पौधा गिफ्ट किया जाता है। जिसे देकर हम पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करते हैं, ये अभियान करीब 12 साल से चलाया जा रहा है। बुजुर्गों के सम्मान के लिए हमारे द्वारा "श्रवण आपके द्वार" अभियान चलाया जाता है। जिसमें बुजुर्गों को जरूरत का सामान दिया जाता हैं। इसके साथ ही नेशन फर्स्ट फाउंडेशन द्वारा खत्ता हटाने के लिए खत्ता हटाओ आंदोलन भी चलाया गया। जिसके तहत दूषित हवा, पानी और मिट्टी की जांच करवाई गई ताकि पता चल सके इनसे कौन-कौन सी बीमारियां हो सकती हैं। खत्ते को हटाने के लिए संस्था द्वारा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। परिणामस्वरूप आज खत्ता हटना शुरू हो चुका है। देवेंद्र यादव ने कहा कि नेशन फर्स्ट फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मेरे पूज्य पिताजी चौधरी महेंद्र सिंह यादव जी की जयंती पर एंबुलेंस वैन जन समर्पित की है, मेरे प्रेरणा स्रोत पिता जी की याद में हर महीने हवन एवं भंडारे का आयोजन भी होता है। पिता जी के दिखाए जन सेवा के रास्ते पर आगे बढ़ते हुए एंबुलेंस के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद होगी।

नेशन फर्स्ट फाउंडेशन की तरफ से जय प्रकाश राणा, अनिल राणा, अशोक यादव, अजय अन्नजल ने कहा कि हम भाई देवेंन्द्र यादव जी की इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए हर सप्ताह जांच शिविर अपने इलाकों में आयोजित करते रहेंगे।




# जीबी पंत व बाबू जगजीवन राम अस्पताल में मनाई गई बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाबा** साहब भीमराव अंबेडकर जी के 132वें जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर जीबी पंत हॉस्पिटल दिल्ली के एस.सी.एस.टी कार्यालय और बाबू जगजीवन राम हॉस्पिटल में अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस दौरान उपस्थित सैकड़ों की संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारी ने बाबा साहब श्रद्धा के फूल अर्पण करते हुए नारो से जयघोष किया।

बाबा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अमर रहे के नारे लगाए। इस प्रोग्राम में अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर अनिल अग्रवाल, चिकित्सा अधीक्षक धर्मेंद्र गुप्ता और सुप्रीम कोर्ट के सीनियर अधिवक्ता भानु प्रताप जी भी शामिल हुए। सभी ने बाबा साहब पर फूल चढ़ाकर और श्रद्धा सुमन अर्पण करते हुए बाबा साहब द्वारा किए कार्य पर प्रकाश डाला। जीबी पंत पैरामेडिकल टेक्निकल एम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष भारत के द्वारा जनता के मौलिक अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा को मजबूत बनाने और स्वास्थ्य कर्मियों की कार्य स्थितियों को बेहतर बनाने के लिए बेहद जरूरी है स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत और सुदृढ़ बनाते हुए सरकारी तौर पर स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तारित किया जाए। जी.डी. पी का 10 प्रतिशत खर्च करते हुए जनता को अच्छी सुविधाएं प्रदान की जाए। इस मौके पर भारतवीर, विजय कुमार, राजबीर सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।





# डीसीडब्ल्यू ने गोकुलपुरी में शौचालयों का किया निरीक्षण, दो सफाई कर्मचारी निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के गोकुलपुरी में एक शौचालय परिसर में दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के दौरे के दौरान गंदगी पाए जाने के बाद दिल्ली नगर निगम ने दो सफाई कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है और अन्य अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की है। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने गुरुवार को कहा, 'मैं जीवन भर एक्टिविस्ट रही हूं और कई सालों तक झुग्गी-झोपड़ियों में रही हूं। लेकिन मैंने इतना गंदा सार्वजनिक शौचालय कभी नहीं देखा। राजधानी के लिए यह बेहद शर्म की बात है। मालीवाल ने कहा कि शौचालय परिसर झुग्गियों में रहने वाली सैकड़ों महिलाओं और लड़कियों की जरूरतों को पूरा करता है, जिनके पास अपने घरों में शौचालय जैसी सुविधा नहीं है। हर किसी को सम्मान के साथ और स्वच्छ वातावरण में शौच करने का अधिकार है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एमसीडी को कार्रवाई करने के लिए आयोग के दौरे की जरूरत है। आयोग निरीक्षण कर रहा है और इस मुद्दे पर एमसीडी की जवाबदेही तय करेंगे। उल्लेखनीय है कि स्वाति मालीवाल ने डीसीडब्ल्यू की सदस्य फिरदौस खान और सदस्य वंदना सिंह के साथ पांच अप्रैल को स्थानीय निवासियों के साथ कुछ शौचालयों का निरीक्षण किया।



# सभी बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के बताये मार्ग पर चलें: डॉ. पिव्हाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वीआईपी** फांउडेशन के अध्यक्ष व भाजपा नेता डॉ. विपिन पिव्हाल ने बताया कि सभी को बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही गरीब व असहायों की मदद करनी चाहिए। डॉ. पिव्हाल ने आगे बताया कि बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षित बनों, जागरूक बनों और संघर्ष करों, तभी मंजिल हासिल होगी। इसलिए हम सभी को शिक्षा के महत्व को समझना होगा। उन्होंने अभिभावको से कहा कि एक रोटी कम खाओं, मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये, जिससे की बच्चा पढ़-लिख कर आपका और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने आगे बताया कि सभी को हमेशा ही सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले।




सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत प्रेमबॉडी पुल के पास स्वच्छता अभियान चलाते हुए वार्ड नम्बर-56 की निगम पार्षद रेखा गुप्ता व अन्य।

# मन के संकल्प, वाणी, कर्म और संस्कार बनाते हैं हमारा भाग्य: बी.के शिवानी






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** दिल्ली के नरेला में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पाना उद्यान की ओर से सनातन धर्म मंदिर पंजाबी कॉलोनी में "आओ प्रभु के द्वार पाव खुशियों का उपहार" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। खचाखच भरे हाल में अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर और जीवन प्रबंधन विशेषज्ञ ब्रह्मकुमारी शिवानी ने लोगों को खुशी जीवन के मंत्र बताएं।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया, इसके बाद करीब दो सौ की संख्या में सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ देकर बीके शिवानी का स्वागत अभिनंदन किया। करीब 2 घंटे की स्पीच में बीके शिवानी ने लोगों को खुशी जीवन के मंत्र बताएं।

इस दौरान उन्होंने थॉट्स प्रोसेस, माइंड मैनेजमेंट, कर्म फिलॉसफी, हेल्दी लाइफस्टाइल और हेल्दी रिलेशनशिप को लेकर कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि मन में कैसे संकल्पों को क्रिएट करना है, मुझे कैसे फिल करना है, मेरी मानसिक स्थिति क्या है, कोई भी परिस्थिति मेरे मन की स्थिति को डिस्टर्ब तो नहीं करती...यह मेरी चॉइस है, जैसे हमारे संकल्प होंगे, वैसे ही वाणी होगी, जैसी वाणी होगी वैसे कर्म होंगे, जैसे कर्म होंगे वैसे हमारा, संस्कार आदत बन जाएगा...जो हमारे भाग्य का निर्माण करता है। हम अपना भाग्य कैसे बनाना चाहते हैं। यह हम पर निर्भर करता है, इसलिए मन में किसी भी संकल्प का चुनाव या क्रिएट करने के पहले सोचें। सोचने के पहले भी सोचे। क्या यह संकल्प मेरे लिए ठीक है।

इस मौके पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सब जोन इंचार्ज राजयोगिनी बीके शक्ति दीदी, क्षेत्रीय संचालिका बीके गीता बहन, बीके प्रिया बीके मोनिका, नरेला विधायक शरद चौहान, नरेला से निगम पार्षद श्वेता खत्री, बांकनेर वार्ड से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, नरेला एसीपी सुरेश कौशिक, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, पूर्व निगम पार्षद सविता खत्री, आर्य समाज नरेला के प्रधान हेमराज बंसल, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, बीएसएफ के कमांडेंट विनय कुमार, प्रमुख समाजसेवी प्रवीन लाकड़ा, कृष्ण कुमार बंसल (प्रधान) पवन खत्री (मोनी) सुनील खत्री (प्रधान) प्रदीप ठोलेदार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में मनाया बैसाखी का पर्व

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ज्ञान** गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में बृहस्पतिवार को बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व सभी को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं भी दी । इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत की धुनों पर समूह नृत्य गिद्दा, भांगड़ा , एकल नृत्य आदि की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया । कार्यक्रम के दौरान देश व समाज के प्रति संविधान निमार्ता डॉ .भीमराव अंबेडकर के योगदान को भी याद दिया गया । डॉ.भीमराव अंबेडकर के जीवन पर लघु नाटिका के माध्यम से छात्रों ने ऊंच-नीच का भेदभाव मिटाने का संदेश दिया। इसी मौके पर जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई ।



इस अवसर पर सुधीर जैन ने कहा कि बैसाखी का पर्व प्रमुख रूप से पंजाब और हरियाणा में धूमधाम से मनाया जाता है। बैसाखी को लेकर यह भी मान-?यता है कि वर्ष 1699 में इस दिन सिखों के 10वें गुरु गुरु गोबिंद सिंह ने पवित्र खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि बैसाखी के दिन नई फसल के घर आने की खुशी में खुशियां और उत्सव मनाने की परंपरा है। बैसाखी पर्व नई फसल का त्योहार होने के साथ-साथ किसानों के सम्मान का भी पर्व है। यह दिन हमारे अन्नदाता के लिए समर्पित है। प्रत्येक विद्यार्थी के मन में किसान का सम्मान होना चाहिए। स्कूल परिसर में पैंथर हाउस की देखरेख में विशेष असेम्बली का आयोजन किया गया। इस दौरान भाविका, अंशिका, भूमि, परी, नव्या, सेजल, हिताक्षी, रेशु, सान्वी, अन्वी, प्रियांशी अनन्या, आदिति आदि छात्राओं ने गिद्दा, भांगड़ा आदि नृत्यों की आकर्षक

**8 स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत की धुनों पर समूह नृत्य गिद्दा, भांगड़ा , एकल नृत्य आदि की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया**

प्रस्तुति देकर सभी को प्रभावित किया। तीसरी कक्षा की छात्रा तनीषा ने कविता प्रस्तुत किया । इस दौरान चेतना, अंशुल, निखिल, शुभ, गौरांश, दीक्षांत, सक्षम, नीरज, आर्यन, हर्षिल, अभय आदि विद्यार्थियों ने जलियांवाला बाग हत्याकांड पर लघु नाटिका प्रस्तुत कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी । चौथी कक्षा के छात्र अश्विन ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला । इस कार्यक्रम के आयोजन में अध्यापिका मधु, वर्षा, रूचि, निधि, संगीता, मीनू, प्रीति आदि ने प्रभावी भूमिका निभाई ।

# 'सुरक्षित उपकरणों के बिना सीवर में कर्मचारी को उतारना दंडनीय अपराध'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राष्ट्रीय** सफाई कर्मचारी आयोग की वाइस-चेयरपर्सन अंजना पंवार ने कहा कि सुरक्षित उपकरणों के बिना कर्मचारी को सीवर में उतारना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए। इस कार्य के दौरान सफाई कर्मचारी की मृत्यु के मामले भी सामने आये हैं, जिनमें पूर्ण जिम्मेदारी के साथ मृतक के आश्रितों को दस लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाई जाए। साथ ही अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति भी सुनिश्चित की जाए। सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान व मांगों की पूर्ति के उद्देश्य से गुरूवार को लघु सचिवालय में संबंधित कर्मचारियों तथा अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की वाइस-चेयरपर्सन अंजना पंवार कर रही थी। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के आश्रितों तथा कर्मियों की स्थिति को सुधारने के लिए आयोग प्रयासरत है, जिसके लिए जिलों में जाकर समीक्षा की जा रही है। वाइस-चेयरपर्सन अंजना पंवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया कि उन्होंने अपने सर्वोच्च पद की शुरूआत स्वच्छ भारत मिशन से की। उन्होंने कहा कि आज देश को ऐसे प्रधानमंत्री मिले हैं जो अंतिम पायदान के लोगों की सोचने वाले हैं। इन लोगों को किस प्रकार से विकास की मुख्यद्दधारा में शामिल करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इनकी समस्याओं को कम करने के लिए कोशिश की जा रही है, जिसके लिए अधिकारियों को ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। सफाई कर्मियों की समस्याओं को हलके में न लें, क्योंकि आयोग का गठन ही इनके लिए हुआ है। आयोग की वाइस-चेयरपर्सन ने जिला की स्थिति की जानकारी लेते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में सफाई कर्मियों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों को वेतन समय पर मिलना चाहिए और उनका पीएफ जमा हो रहा है कि नहीं इसका ध्यान रखा जाए। यदि कर्मचारियों को पीएफ की आवश्यकता होती है तो वह उन्हें दिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कर्मचारियों की मिनीमम वेजिज तथा अवकाश, वर्दी, पैंशन, सीवर मृत्यु, स्वास्थ्य जांच कैंप आदि की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच के लिए नियमित रूप से कैंप लगवायें। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला सफाई कर्मियों से भारी काम न लिये जायें। इस दौरान सफाई कर्मियों ने कुछ मांगें व समस्याएं भी प्रस्तुत की, जिसमें एक शिकायत प्रस्तुत की गई कि नगर में सीवर लाइन बिछाने का कार्य उचित प्रकार से नहीं किया जा रहा। इस पर वाइस-चेयरपर्सन अंजना पंवार ने नगराधीश को निर्देश दिए कि वे इसकी रिपोर्ट उन्हें प्रेषित करें।

## न्यूज फ्लैश

### इसुजु मोटर्स ने अपने उत्पाद बीएस 6 फेज 2 अनुरूप किये अपडेट



**लुधियाना/जालंधर** : इसुजु मोटर्स इंडिया ने पिकअप वाहनों और एसयूवी की अपनी समूची रेंज को अपडेट करके उन्हें बीएस 6 फेज 2 उत्सर्जन नियमों के अनुरूप बनाया है। कंपनी ने अपने वाहनों के चुनिंदा मॉडलों में नई विशेषताओं का समावेश किया है, ताकि उनमें बेहतर स्टाईलिंग, सुरक्षा, आराम, एफिशियंसी, और उत्सर्जन पर नियंत्रण मिल सके। इसुजु डी-मैक्स वी-क्रॉस जेड 4 बाय 2 एटी वैरिएंट का स्टाईल बेहतर हुआ है। इस रेंज में एक नया व आकर्षक कलर वैलेंसिया ऑरेंज को भी पेश किया गया है। इसुजु डी-मैक्स रैगुलर कैब और एस-कैब के मॉडलों में आफ्टर ट्रीटमेंट डिवाईसेज जैसे लीन नॉक्स ट्रैप, डीजल पार्टिकुलेट डिफ्यूजर के साथ अबएक्टिव सलेक्टिव कैटालिस्ट रिडक्शन को शामिल कर दिया गया है, ताकि वाहन से निकलने वाली गैसों और सूक्ष्म कणों को बेहतर नियंत्रित किया जा सके। इसुजु डी-मैक्स रैगुलर कैब और एस-कैब इस सेगमेंट के एकमात्र वाहन हैं, जिनमें प्रभावशाली ट्रीटमेंट मैनेजमेंट के लिए इलेक्ट्रॉनिकली कंट्रोल्ड हॉट एवं कोल्डएग्जॉस्ट गैस रिसकुर्लेशन है। इन दोनों मॉडलों और उनके वैरिएंट्स में सिल्वर इंसट्र्स के साथ एडवांस्ड एमआईडी मल्टी-इन्फॉर्मेशन डिस्प्ल क्लस्टर है, जो डीजल पार्टिकुलेट डिफ्यूजर इंडीकेटर प्रदर्शित करता है। इसमें सब-मेन्यू लेवल ऑटोमेटिक रिजनरेशन दिखाता है, या ड्राईवर को मैन्युअल ह्यरिजनरेशन ऑपरेशन के लिए सतर्क करता है। एक नया सब मेन्यू डीईएफ (डीजल एग्जॉस्ट फ्लुड) के लिए रेंज लेवल का संकेत प्रदर्शित करता है, और टैंक खाली होने तक फ्यूल की रेंज एवं तत्कालिक/औसत माईलेज दिखाता है। इसमें गियर शिफ्ट इंडिकेटर भी है, जो ड्राइवर को किसी भी ड्राईविंग परिस्थिति में सर्वश्रेष्ठ गियर का उपयोग करने में समर्थ बनाता है, ताकि वाहन से सर्वश्रेष्ठ टॉर्क, फ्यूल मैनेजमेंट और ड्राइवट्रेन ड्यूरेबिलिटी मिल सके। कंपनी के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर तोरू किशिमोतो ने कहा कि यह अपडेटेड श्रृंखला इस सफलता को और आगे ले जाएगी। प्रतिस्पर्धी और उपयोगी उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के साथ हमें विश्वास है कि हम हर व्यक्ति की पसंद के अनुरूप इसुजु उपलब्ध करा सकेंगे।

### विधायक पंवार, मेयर मदान, पार्षद नवीन तंवर ने किया माता भीमाबाई भोजनालय का उद्घाटन



**सोनीपत**: नगर निगम द्वारा 5 लाख 7 हजार ? की लागत से करवाया गया निर्माण। दी अम्बेडकर एजुकेशनल सोसायटी, वार्ड नं 17 में ककरोई रोड पर स्थित भीमराव अंबेडकर भवन में खोला गया भोजनालय। मेयर निखिल मदान और विधायक सुरेंद्र पंवार ने रिब्बन काटकर किया उद्घाटन। मेयर निखिल मदान ने सोसायटी के सभी सदस्यों और कार्यकताओं को दिया रैली का न्यौता। संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के बनाए गए संविधान की पूरे विश्व में दी जाती है मिसाल। मौके पर निगम पार्षद नवीन तंवर, अंबेडकर एजुकेशन सोसायटी के प्रधान सत्यवान भाटिया,रवि मेहरा,राम सिंहमार,आर के पौरिया,पूर्व पार्षद डॉ राकेश,रामकुमार,दयाराम बदगुज्जर,इंद्रजीत खोखर, प्रवीण सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की वाइस-चेयरपर्सन अंजना पंवार ने ली अधिकारियों व सफाई कर्मियों की बैठक

**पानीपत**: राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की वाइस-चेयरपर्सन अंजना पंवार ने वीरवार को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सुरक्षित उपकरणों के बिना सफाई कर्मचारी को सीवर में उतारना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए। इस कार्य के दौरान सफाई कर्मचारी की मृत्यु के मामले भी सामने आये हैं, जिनमें पूर्ण जिम्मेदारी के साथ मृतक के आश्रितों को दस लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाई जाए। साथ ही अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति भी सुनिश्चित की जाए।

# मेपल बेयर कनाडियन स्कूल में मनाया बैसाखी

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत** मेपल बेयर कनाडियन स्कूल,ओमेक्स सिटी, सोनीपत के प्रांगण में आज स्कूल के बच्चों, प्रिंसिपल, टीचिंग स्टाफ एवं अन्य स्टाफ ने मिलकर बैसाखी का त्यौहार धूमधाम से मनाया। इस समारोह में स्कूली बच्चों ने रंग-बिरंगी वेशभूषाओं में स्टेज कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर स्कूल संचालक सुरेंद्र मदान भी उपस्थित रहे। स्कूल प्रिंसिपल उमा भनोट ने बच्चों को वैशाखी की बधाई देते हुए बताया कि यह त्यौहार प्रतिवर्ष 13 अप्रैल या कभी-कभी 14 अप्रैल को मनाया जाता है और



यह त्यौहार हिंदुओं और सिखों के प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह खुशी का त्यौहार है जो लोगों को एकता में बांधता है। बैसाखी को पंजाब और हरियाणा में फसल उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है क्योंकि इस समय रबी की फसल पकती है। उमा भनोट ने बच्चों को यह भी बताया कि असम में बैसाखी को बिहू के नाम से जाना जाता है।

स्कूल संचालक सुरेंद्र मदान ने स्कूल के सभी बच्चों तथा टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ को बैसाखी की बधाई बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को अपने संबोधन में कहा कि वैसाखी का दिन सिखों के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि बैसाखी को लेकर यह भी मान्यता है कि वर्ष 1699 में इस दिन सिखों के दसवें गुरु 'गुरु गोविंद सिंह जी' का राज्याभिषेक और खालसा पंथ का गठन हुआ था। सुरेंद्र मदान में बच्चों को बताया कि इस दिन अमृतसर के स्वर्ण मंदिर को शानदार तरीके से सजाया जाता है। लोग जलियांवाला बाग त्रासदी के शहीदों को श्रद्धांजलि भी देते हैं । समारोह में प्रिंसिपल उमा भनोट तथा अन्य टीचर्स महिमा, दीपिका, रिदम, वर्षा, नीलम, श्रुति तथा ज्योति उपस्थित रहे।

# 'आमजन को साथ लेकर सभी समस्याओं का हल निकाला जाएगा'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
जिला के नवनियुक्त उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में पत्रकारों के साथ बातचीत में जिला वासियों को आश्वस्त किया की जिले में आमजन की समस्या के निस्तारण के लिए शीघ्र ही हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा जिसमें जिला के नागरिक अपनी समस्याएं भेज सकेंगे। उन्होंने जिला में ट्रैफिक व्यवस्था को भी दुरुस्त करने का आश्वासन दिया और कहा कि आमजन को साथ लेकर इन सभी समस्याओं का हल धीरे-धीरे निकाला जाएगा।
उन्होंने कहा कि लोकतंत्र किसी भी देश की आत्मा होती है इसलिए सभी की बात सुनकर पानीपत शहर को साफ सुथरा और ट्रैफिक जाम मुक्त शहर बनाने की कवायद पर जोर दिया जाएगा।
उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने कहा कि किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले उसे हम घर से ही शुरू करते हैं इसलिए अपने इर्द-गिर्द के माहौल में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घुमंतू पशुओं की समस्या भी बहुत बड़ी है इसके निस्तारण के लिए भी कार्य किया जाएगा। सार्वजनिक शौचालय की साफ सफाई पर भी बल दिया जाएगा।

# विद्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती विद्यार्थियों संग मनाई

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में बड के दो पौधे लगाए । प्राचार्य कुलदीप चौहान की अध्यक्षता में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस पर डॉक्टर साहब की प्रतिमा पर मालाएं अर्पित की तथा स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने उनके चरणों में पुष्प अर्पित किए । दिलबाग सिंह हिंदी अध्यापक ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला वे भारत के संविधान सभा के अध्यक्ष रहे । वह एक न्याय वादी, अर्थशास्त्री और दलित नेता थे ।



उन्होंने भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में काम किया। देश के हर नागरिक के लिए संविधान का निर्माण करने वाले अंबेडकर का जीवन अपने आप में एक शिक्षा है। उनकी जयंती के मौके पर गोष्ठी, सभाओं और स्कूलों में भाषण दिया जाता है । प्राचार्य ने विद्यार्थियों को जलियांवाला बाग हत्याकांड के विषय में बताया कि भारतीय इतिहास में एक कलंकित घटना के बारे में अवगत किया । विद्यार्थी अनुराग व नितिन ने बाबासाहेब के अनमोल वचनों का उल्लेख किया।

# 12 एकड़ गेहूं के फानों की नीलामी के लिए 17 अप्रैल को होगी बोली

**सोनीपतः** जिला कारागार अधीक्षक राजेन्द्र सिंह ने बताया कि 17 को प्रातः 11 बजे जेल परिसर कार्यालय में जेल परिसर में स्थित जेल फार्म के 12 एकड़ गेहूं के फानों की नीलामी के लिए बोली का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बोली को लेकर रखी गई शर्तों के बारे में बताया कि बालीदाता को नीलामी के लिए 05 हजार रुपए बतौर धरोहर राशि के रूप में अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करवाने होंगे जो स्वीकृत बोलीदाता को छोडकर तुरंत वापिस कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बोली में उत्पन्न किसी प्रकार के झगड़े या व्यवधान का निपटारा स्थानीय न्यायालय में होगा।

# प्रधान पद मामले में किसानों ने दी डीसी व एसपी को शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पानीपत किसान भवन के प्रधान पद मामले में बृहस्पतिवार को किसानों ने उपायुक्त वीरेंद्र दहिया और एसपी अजीत सिंह शेखावत से लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में मिलकर सोनू मालपुरिया के खिलाफ शिकायत दी है। किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त वीरेंद्र दहिया को बताया कि 9 अप्रैल को जिलाभर के किसानों की महापंचायत हुई थी और उसमें सोनू मालपुरिया प्रधान को उनके पद से हटा दिया गया था। किसान भवन की देखरेख के लिये जिलाभर के किसानों की 51 सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी। जबकि बापौली व सनौली ब्लाक के किसानों ने टिंकू देशवाल को



प्रधान, सुरजभान को उपप्रधान और नदीम गुर्जर को सचिव चुना गया था। इस महापंचायत के दौरान जिला प्रशासन की तरफ से नायब तहसीलदार बलवान मलिक किसान भवन में मौजूद रहे थे। लेकिन सोनू मालपुरिया अब भी अपने आप को प्रधान बतला रहा है और उसकी मंशा किसान भवन को लेकर सही नहीं है। वहीं उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने मामले की जांच एसडीएम विरेंद्र ढूल को सौंप दी है। उपायुक्त ने किसानों को आश्वासन दिया कि कुछ भी गलत नहीं होने दिया जाएगा। डीसी से मिलने के बाद किसानों ने एसपी अजीत सिंह शेखावत से मिलकर सोनू मालपुरिया के खिलाफ

**8 9 अप्रैल को जिलाभर के किसानों की महापंचायत हुई थी और उसमें सोनू मालपुरिया प्रधान को उनके पद से हटा दिया था**

शिकायत दी।
एसपी ने किसानों को भरोसा दिया कि गलत नहीं होने दिया जाएगा।
इस अवसर पर मलिक खाप पंचगामा के प्रधान राजकुमार मलिक, किसान भवन के पूर्व प्रधान जयकरण कादियान, सुरेश दहिया व चूहड़ सिंह रावल, उपप्रधान सुरजभान, पूर्व उपप्रधान बिंटू मलिक उग्राखेड़ी, पूर्व महासचिव रिशीपाल नांदल, किसान नेता हरिंद्र राणा व अजमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

# भागवत श्रवण करके जीवन में उतारना चाहिएः राजीव जैन



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**श्री मद्भागवत कथा** मानव को जीने की राह सिखाती है, हमारी समस्याओं का समाधान करती है, भागवत कथाओं के आयोजनकताओं एवं श्रोताओं का कल्याण होता है, हमें भागवत श्रवण करके एक-एक श्लोक पर मनन करके जीवन में उतारना चाहिए तभी भागवत कथा का आयोजन सार्थक होगा। तारा नगर, फ्रैंडस पार्क, पटेल नगर, मॉडल टाऊन नव दुर्गा शक्ति पीठ में आयोजित भागवत कथाओं में पहुंचकर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि हरियाणा प्रदेश एक धर्म क्षेत्र है और कुरुक्षेत्र में धर्म-अधर्म की लड़ाई लड़ी गई। इसलिए धार्मिक आयोजनों का लगातार होना इस प्रदेश की परंपरा में शामिल है। उन्होंने कहा कि मातायें खाली समय में टी0वी0 सीरियलों को देखने की बजाये भागवत जैसे महान ग्रंथों को पढ़ें, इससे हमारा मानव जीवन सार्थक होगा।

राजीव जैन ने कहा कि संत-महापुरुषों के आगमन एवं धार्मिक आयोजनों से ही हमारे समाज में भाईचारा, प्यार प्रेम कायम है अन्यथा आज भौतिकता के युग में भाई भाई का दुश्मन है। उन्होंने भागवत भगवान के चरणों में सर्व समाज के कल्याण-उत्थान एवं सुख समृद्धि की कामना की। ब्यास गद्दी पर विराजमान राजीव शास्त्री, साध्वी मुक्तानंद तथा गणेश चंद शास्त्री ने पटका पहनाकर आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में यशपाल अरोड़ा, विनोद मुंजाल, नवीन तनेजा, चंदा भईया, अशोक जुनेजा, मनोज शर्मा, राकेश टुटेजा, रोमी परुथी, सुभाष आर्य, प्रेम रेलन, पवन बंसल, कीर्ति बल्लव, विष्णु दत्त, सुनील बडोला, मोहन सिंह अधिकारी, राम लाल नोटियाल, रमेश बिष्ट, गब्बर सिंह, अमित मुंडेपी, रोहित बजाज, आशीष ठक्कर, सुरेंद्र मुटरेजा, अश्वनी शर्मा, पप्पी नागपाल सहित सैंकड़ों श्रृद्धालुगण उपस्थित रहे।

# लिटल एंजल्स स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया वैसाखी

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत/रमेश कुमार**
**13 अप्रैल** 2023 को लिटल एंजल्स स्कूल में वैसाखी व अम्बेडकर जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। वैसाखी व अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय में एक सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम छात्रों ने बैसाखी का प्रसिद्ध गीत गाया। इसके पश्चात अध्यापिका इंदु शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि वैसाखी का पर्व हर्षोल्लास का पर्व है इस दिन सिक्खों के दसवें व अन्तिम गुरु ह्यगुरू गोविन्द सिंह जीह्न ने खालसा पंथ की नींव रखी



थी। उन्होने ह्यडॉ. भीमराव अम्बेडकरह्न के जीवन के बारे में भी बताया। प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वैसाखी एक कृषि पर्व है, किसान खेतों में खड़ी फसलों की कटाई वैसाखी के दिन ही शुरू करते हैं। उन्होंने किसानों के कठिन परिश्रम के बारे में बताते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से ही सफलता के शिखर पर पहुँचा जा सकता है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बारे में उन्होने बताया कि उन्हें भारतीय संविधान का जनक माना जाता है। वे एक ओजस्वी लेखक व यशस्वी वक्ता थे। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने दलित समाज के उत्थान के लिए बहुत कार्य किया जिसके कारण उन्हें दलित समाज आज भी अपना भगवान मानता हैं। अंत में विद्यार्थियों द्वारा गिद्दे व भांगड़ा प्रस्तुत किया गया जिसने वहाँ उपस्थित सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस रंगारंग कार्यक्रम से विद्यालय का सम्पूर्ण वातावरण महक उठा। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल व उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने सभी को वैसाखी की बधाई व शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि इन त्योहारों से हमें सीखना चाहिए कि हम सभी आपस में भाईचारे से रहें और एकता बनाए रखें।

**8 इन त्योहारों से हमें सीखना चाहिए कि हम सभी आपस में भाईचारे से रहें और एकता बनाए रखें**

# अनाज मंडियों व खरीद केन्द्रों पर नोडल अधिकारियों की डयूटी लगाई गई

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपतः** रबी फसल खरीद अभियान 2023 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 82198.3 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 56193 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। एचडब्ल्यूसी द्वारा 1800 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2125 रुपए प्रति किवंटल पर की जा रही है। डीएफएससी आदित्य कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस बुधवार सांय इस कुल आवक में से बबैल केन्द्र पर 1120 मीट्रिक टन, बाबरपुर खरीद केन्द्र पर 6346 मीट्रिक टन, बापौली खरीद केन्द्र पर 3185, छिछड़ाना केन्द्र पर शून्य मीट्रिक टन, इसराना खरीद केन्द्र पर 8823 मीट्रिक टन, मडलौडा खरीद केन्द्र पर 2346 मीट्रिक टन, नौल्था खरीद केन्द्र पर शून्य, पानीपत खरीद केन्द्र पर 11653 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसी प्रकार समालखा मण्डी में 21357 मीट्रिक टन गेंहू, सनौली में 1095 मीट्रिक टन, उरलाना में 268 मीट्रिक टन टन की आवक हुई है व अहर में शून्य मीट्रिक टन गेंहू की आवक हुई है।

हरियाणा सरकार





भारतीय संविधान के शिल्पकार

# डॉ. बी.आर. अम्बेडकर जी की जयंती

एवं

# वैसाखी

की देशवासियों को

# हार्दिक शुभकामनाएं

14 अप्रैल, 2023



"पूज्य बाबासाहब ने समाज के सबसे गरीब और वंचित वर्गों के लाखों लोगों को आशा दी। हमारे संविधान के निर्माण के प्रयासों के लिए हम उनके सदा आभारी रहेंगे। सभी देशवासियों को अम्बेडकर जयंती की शुभकामनाएं। जय भीम!"

**- नरेन्द्र मोदी**

## हरियाणा सरकार बाबासाहेब के आदर्शों पर चलकर अनुसूचित जाति के लोगों को दे रही सुविधाएं

- **मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना** के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति/टपरीवास जाति की लड़कियों की शादी हेतु 71,000 रुपये की आर्थिक सहायता
- **डॉ. बी.आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना** के तहत मकान की मरम्मत के लिए 80,000 रुपये का प्रावधान
- **डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना** के तहत पारिवारिक आय सीमा 2.50 लाख रुपये से बढ़ाकर की 4 लाख रुपये
- **मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अन्तर्जातीय विवाह शगुन योजना** के तहत हरियाणा राज्य के स्थाई निवासी अनुसूचित जाति के लड़के/लड़की से विवाह करने पर 2.50 लाख रुपये प्रोत्साहन
- प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए **मुफ्त कोचिंग** की सुविधा
- मत्स्य पालकों को मत्स्य पालन पर **60 प्रतिशत तक सब्सिडी**
- उम्मीदवार को आवंटित औद्योगिक प्लॉट पर **10 प्रतिशत की छूट**
- सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों के लिए भूमि मूल्य में **20 प्रतिशत तक छूट**
- विभिन्न प्रकार के अत्याचार होने पर पीड़ित परिवार को 85,000 रुपये से **8.25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता**
- अदालती मुकदमों की पैरवी के लिए **22,000 रुपये की कानूनी सहायता**
- पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 2500 रुपये से **13,500 रुपये प्रतिवर्ष** शैक्षणिक भत्ता
- हरियाणा **विमुक्त घुमंतु जाति विकास बोर्ड गठित**
- हरियाणा राज्य **सफाई कर्मचारी आयोग गठित**
- हरियाणा राज्य **अनुसूचित जाति आयोग अधिनियम 2018 लागू**
- हरियाणा **पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम 2016 लागू**
- **हरियाणा पिछड़ा वर्ग** (सेवाओं तथा शैक्षणिक संस्थाओं में दाखिले में आरक्षण) **विधेयक 2016 लागू**



सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana